# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 269 । भोपाल, गुरुवार 28 सितंबर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



फर्जी विकलांगता प्रमाण पत्र के सहारे नौकरी पाने वाले 4 शिक्षकों पर मामला दर्ज पृष्ठ 2

- सरकार की अंतरात्मा कहां है?
- भाजपा ने खुली रखी है मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री की कुर्सी की दावेदारी पृष्ठ 4

- सीएमओ की समझाइश के बाद काम पर लौटे सफाई कर्मचारी पृष्ठ 6

मतदान केन्द्रों के नामों की सूची में किया गया सुधार पृष्ठ 7


## सार-समाचार

### पीएम विश्वकर्मा योजना में 1.40 लाख से अधिक आवेदन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राणे ने बुधवार को कहा कि दस दिनों के भीतर, पीएम विश्वकर्मा योजना को 1.40 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। श्री राणे ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में पीएम विश्वकर्मा योजना की सफलता की जानकारी देते हुए लिखा कि पीएम विश्वकर्मा योजना प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी दूरदर्शी दृष्टि का परिणाम है। योजना के शुभारंभ के दस दिनों के भीतर 1.40 लाख से अधिक आवेदनों का आना योजना की सफलता और महत्व का प्रमाण है।

### अमृतसर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से जुड़ेंगे कुल्लू व शिमला

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में हवाई सेवा को विस्तार प्रदान करते हुए कुल्लू और शिमला को अमृतसर से जोड़ने वाले दो नए हवाई मार्ग शीघ्र ही शुरू किए जाएंगे। कुल्लू–अमृतसर–कुल्लू मार्ग पर उड़ानें प्रथम अक्तूबर, 2023 से शुरू की जाएंगी। यह उड़ानें सप्ताह में तीन बार, विशेष रूप से सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को संचालित होंगी। शिमला–अमृतसर–शिमला हवाई मार्ग पर प्रथम नवंबर, 2023 से सप्ताह में तीन बार हवाई सेवाएं संचालित की जाएंगी।

### वाहन में हुए विस्फोट में 8 लोग जख्मी

**जम्मू।, एजेंसी।** दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में बुधवार सुबह एक वाहन के अंदर विस्फोट से 8 बिहारी श्रमिक झुलस गए और कुछ दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं। यह घटना डूरू अनंतनाग के लारकीपोरा बाजार में घटी। पुलिस ने बताया कि मजदूरों के साथ लोड कैरियर में ले जाई जा रही सीमेंट मिक्स सेटलिंग वाइब्रेशन मशीन, बगल के पोर्टेबल जेनरेटर और तेल के टिन के डिब्बे में विस्फोट हो गया। पुलिस ने बताया कि 8 मजदूर झुलसकर घायल हुए हैं जिनका अ

### पटनायक के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा विधानसभा में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया जिसे लेकर सदन में जोरदार हंगामा हुआ। भाजपा के मुख्य सचेतक मोहन माझी ने पटनायक पर विपक्ष पर हमला करने और विधानसभा की गरिमा को कम करने का आरोप लगाया। आरोप के अनुसार मुख्यमंत्री ने 25 सितम्बर को सदन में अपने स्वत: संज्ञान बयान में विपक्षी दलों को कथित तौर पर जनविरोधी कहा था। इस मुद्दे को लेकर भाजपा पटनायक से माफी की मांग कर रही है। शून्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस पेश करते हुए माझी ने आरोप लगाया कि पटनायक ने विपक्षी दलों का अपमान किया है और सदन और सदस्यों की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। मांझी ने मांग की कि मुख्यमंत्री 25 सितम्बर को सदन में दिए अपने बयान के लिए सदन से माफी मांगें। उन्होंने कहा कि पटनायक ने 25 सितम्बर को सदन में एक बयान में कहा था कि विपक्ष जनविरोधी है और लोग उन्हें करारा जवाब देंगे।

नहीं थम रहा हिंसा का दौर

# मणिपुर के 19 थाना क्षेत्रों को छोड़ शेष राज्य अशांत घोषित

### दूसरे दिन भी छात्रों का विरोध प्रदर्शन जारी



**इम्फाल, एजेंसी।** हिंसाग्रस्त मणिपुर में सरकार ने कानून व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए 19 पुलिस थाना क्षेत्रों को छोड़कर शेष राज्य में यथास्थिति बरकरार रखने और उसे आगामी एक अक्टूबर से अगले छह महीने तक 'अशांत क्षेत्र' की श्रेणी में रखने का निर्णय लिया है।

सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्यपाल ने इस आदेश को बुधवार को मंजूरी दे दी और यह आगामी एक अक्टूबर से लागू होगा। इस दौरान राज्य प्रशासन की मदद के लिए अशांत क्षेत्रों में सेना तैनात रहेगी। सरकार का कहना है कि अभी राज्य में कानून व्यवस्था की मौजूदा स्थिति की समीक्षा या उसका आंकलन करना संभव नहीं है इसलिए 19 पुलिस थाना क्षेत्रों को छोड़कर शेष राज्य में यथास्थिति बनाये रखते हुए इसे अशांत क्षेत्र की श्रेणी में ही रखा जा रहा है। आदेश में कहा गया है कि जिन 19 पुलिस थाना क्षेत्रों को अशांत क्षेत्र के दायरे से बाहर रखा गया है उनमें इम्फाल, लेम्फेल, सिटी, सिंगजेमी, सेकमल, लेमसंग, पेटसोल, वंगोई, पोरोमपट, हिन्जेंग, लेमलेई, इरिलबंग, लेमिखांग, थोबल, विष्णुपुर, नामबोल, मोइरंग, काकचिंग और जिरबाम शामिल हैं। मुख्यमंत्री सचिवालय से लगभग 200 मीटर दूर इंफाल के मोइरंगखोम इलाके में सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारी छात्रों को तितर–बितर करने के लिए कई राउंड आंसूगैस के गोले दागे, जिसके बाद बुधवार को कई आंदोलनकारी छात्र घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि आंदोलनकारी छात्रों ने सुरक्षा बलों पर पथराव किया, जिसके बाद भीड़ को तितर–बितर करने के लिए सुरक्षा बलों ने आंसूगैस के गोले और धुआं बम छोड़े। छह जुलाई को लापता एक लड़की समेत दो युवा छात्रों के अपहरण और हत्या के खिलाफ विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने दूसरे दिन भी आंदोलन किया। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। छात्र जब हमें न्याय चाहिए के नारे लगाते हुए मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के बंगले की ओर बढ़ रहे थे, सुरक्षा बलों ने उन्हें रोक दिया, जिसके बाद झड़प हो गई।

### खूबसूरत राज्य मणिपुर युद्धक्षेत्र में बदला




कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को मणिपुर हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की और उनसे भाजपा के अक्षम मुख्यमंत्री को बर्खास्त करने का आग्रह किया। खड़गे ने एक्स पर पोस्ट किया– 147 दिनों से मणिपुर के लोग पीड़ित हैं, लेकिन पीएम मोदी के पास राज्य का दौरा करने का समय नहीं है। इस हिंसा में छात्रों को निशाना बनाए जाने की भयावह तस्वीरों ने एक बार फिर पूरे देश को झकझोर दिया है। अब यह स्पष्ट है कि हिंसा के खिलाफ इस संघर्ष में महिलाओं और बच्चों को हथियार बनाया गया।

राहुल बोले, डिग्री इंजीनियर कर रहे हैं कुली का काम

# देश में बेरोजगारी चरम पर

- आनंद विहार स्टेशन पर कुलियों से मुलाकात का किया जिक्र
- राजस्थान सरकार के काम की तारीफ की



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि देश में बेरोजगारी चरम पर है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को रोजगार देने का जो वादा किया था उसे पूरा नहीं किया गया है, इसी का परिणाम है कि डिग्रीधारी इंजीनियर कुली का काम कर रहे हैं। श्री गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, भारत के मेहनती कुली भाइयों से दिल्ली के आनंद विहार स्टेशन पर मिला। डिग्री इंजीनियर की, काम कुली का, ऐसी बेरोज़गारी से त्रस्त हैं। रेलवे से न पगार, न पेंशन, न स्वास्थ्य बीमा और न सरकारी सुविधा। मगर इन्हें उम्मीद है, समय बदलेगा और मुझे पूरा विश्वास।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने भी बेरोजगारी को लेकर 'एक्स' पर कहा कि बेरोजगारी के कारण युवा त्रस्त हैं और वे कुली का काम करने को भी मजबूर हैं। उन्होंने कहा, पिछले महीने आनंद विहार टर्मिनल के कुलियों ने श्री गांधी से मिलने की इच्छा जताई थी। श्री गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा को आगे बढ़ाते हुए उनसे मुलाक़ात की। बातचीत के दौरान कुछ ने बताया कि वे बीमारी के बावजूद काम करने को मजबूर हैं। कुछ इंजीनियरिंग की डिग्री लेकर भी कुली का काम कर रहे हैं। उन्होंने बेरोजगारों के लिए राजस्थान सरकार के काम की तारीफ की और कहा, एक कुली, जिसका परिवार राजस्थान में है, ने बताया कि चिरंजीव योजना के तहत उसकी मां का 60 हजार रुपए का मुफ्त इलाज़ हुआ है।

मुख्यमंत्री ने जबलपुर को दी हजारों करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

# प्रदेश की तीसरी मेट्रो सिटी बनेगा जबलपुर



**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जबलपुर शहर को हजारों करोड़ रूपये के विकास कार्यों की सौगात दीं। उन्होंने कहा कि जबलपुर विकास के नये आयाम स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने 155 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित किये गये फ्लाई–ओवर के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने जबलपुर शहर में 5 हजार करोड़ रूपये की लागत से 116 किलोमीटर के रिंग रोड निर्मित किये जायेंगे। जबलपुर में 1100 करोड़ की लागत से बनने वाले फ्लाई–ओवर्स से शहर की तस्वीर बदल जायेगी। जबलपुर को इंदौर और भोपाल के बाद मेट्रो सिटी के रूप में विकसित किया जायेगा। यहाँ मेट्रो का जाल बिछाया जायेगा, जो इसके विकास में अहम भूमिका निभायेगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जबलपुर को सौगातें देते हुए कहा कि यहाँ 450 करोड़ रूपये की लागत से एयरपोर्ट टर्मिनल, 300 करोड़ रूपये की लागत से रेल्वे स्टेशन, 200 करोड़ रूपये की लागत से टेक्नालॉजी सेंटर, 200 करोड़ रूपये की लागत से आई.टी. पार्क, 125 करोड़ रूपये की लागत से मदन महल टर्मिनल, 100 करोड़ रूपये की लागत से जियोलॉजिकल पार्क और 48 करोड़ रूपये की लागत से रियल साइंस सेंटर बनेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मदन महल के प्रस्तावित संग्रहालय में वीरांगना रानी दुर्गावती की 52 फीट ऊँची प्रतिमा स्थापित होगी। इसके साथ ही 100 करोड़ की लागत से रानी दुर्गावती का भव्य स्मारक भी बनेगा, जो उनके शौर्य और वीरता के साथ आन–बान–शान का प्रतीक होगा। आज लोकार्पित किया गया फ्लाई–ओवर वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम से जाना जायेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जबलपुर में बरेला को तहसील तथा मझगवाँ को नगर पंचायत बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सरकार सभी के विकास के लिये निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में बहनों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बनाकर प्रतिमाह बहनों के खाते में राशि अंतरित की जा रही है। प्रधानमंत्री आवास से छूट गई बहनों के लिये मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना में पक्के मकान बनाये जायेंगे। समारोह में लोक निर्माण एवं जिले के प्रभारी मंत्री गोपाल भार्गव, सांसद राकेश सिंह, विधायक अशोक रोहाणी, सुश्री इंदु तिवारी, सुश्री नंदिनी मरावी, मध्यप्रदेश जन–अभियान परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र जामदार, जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष वरकड़े सहित आमजन और जन–प्रतिनिधि मौजूद रहे।

राष्ट्रपति मुर्मु ने किया हाईकोर्ट एनेक्सी भवन का शिलान्यास, कहा–

# न्याय इतना महंगा न हो कि आम आदमी की पहुंच से दूर हो जाये




### 460 करोड़ की लागत से बनेगा अत्याधुनिक भवन

**जबलपुर/भोपाल, देशबन्धु।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु ने कहा है कि न्याय इतना मंहगा नही हो कि वह आम आदमी की पहुँच से दूर हो जाये। इसलिए सस्ता व सुलभ न्याय दिलाने के लिये संस्था और अधिवक्ताओं के समूह को आगे आना चाहिए।

राष्ट्रपति आज जबलपुर में 460 करोड़ की लागत से बनने वाले हाईकोर्ट भवन के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रही थीं। ट्रिपल आईटीडीएम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि हाईकोर्ट का भवन 134 वर्ष पुराना है। तकनीकी रूप से हाईकोर्ट भवन को सर्वसुविधायुक्त और सक्षम बनाना समय की मांग है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि विवादों के वैकल्पिक समाधान सस्तें व सुलभ कैसे हो इस पर विचार करें। अदालतों में लंबित प्रकरणों के कारण तथा छोटे–मोटे अपराध के कारण जो जेल में बंद है उन पर विचार करें और पंच परमेश्वर की धारणा अनुसार विवादों का निपटारा करें। मध्यस्थता से विवादों के निपटारे को समाज में व्यापक समर्थन मिलता है। इससे लिटीगेशन भी कम होते हैं। न्याय पालिका में सरल, सुलभ व त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में प्रयास किया जाना चाहिए। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि टेक्नालॉजी से आज देश प्रत्येक क्षेत्र आगे बढ़ रहा है। न्याय क्षेत्र में भी प्रगति हुई है। इसमें ई–कोर्ट व्यवस्था विश्वसनीय साबित हुई है। न्याय प्रक्रिया को सुगम व सरल बनाने के लिये टेक्नालॉजी के प्रयोग की महत्वपूर्ण भूमिका है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग व जल शक्ति राज्य मंत्री प्रहलाद पटेल, आयुष मंत्री राम किशोर कांवरे, महापौर जगत बहादुर अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी सहित अन्य जन–प्रतिनिधि व प्रशासन व पुलिस के अधिकारी उपस्थित थे।

### क्षेत्रीय भाषाओं में भी उपलब्ध हों न्यायालय के निर्णय : राज्यपाल

हाईकोर्ट भवन के शिलान्यास के अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि कोर्ट न्याय का मंदिर होता है जहाँ निष्ठा के साथ लोकतांत्रिक विश्वास को मजबूत बनाया जाता है। उन्होने कहा कि भारत ही ऐसा देश है जहाँ नि:शुल्क कानूनी सलाह की व्यवस्था है। सुराज का आधार न्याय ही होता है। अंग्रेजी के साथ क्षेत्रीय भाषाओं में भी निर्णय उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास करें। जेलों में विचाराधीन व्यक्ति जो सामान्यत: गरीब परिवार के होते हैं उन्हें प्राथमिकता दें और कार्य संस्कृति और नवाचारों को आगे बढ़ायें। उन्होंने कहा कि पूर्ण सुविधायुक्त न्याय का मंदिर बने जहाँ कोई निर्दोष को दंड न मिले।

### लंबित प्रकरणों की संख्या कम हो : शिवराज

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता का भरोसा न्याय तंत्र की व्यवस्था पर भी निर्भर करता है। न्याय तंत्र ठीक है तब लोकतंत्र में सुलभ, सुगम, समदर्शी, संवेदनशील और आसानी से शीघ्र न्याय मिलता है। यह लोकतंत्र का मूल है कि शीघ्रता से न्याय कैसे मिले। उन्होंने कोर्ट में लंबित प्रकरणों की संख्या कम करने और मासूमों पर हो रहे दुराचार पर सख्ती से कार्रवाई करने पर जोर दिया। जल्दी न्याय दिलाने के लिये ऑनलाईन जैसी नई व्यवस्था पर उन्होंने जोर दिया।

केजरीवाल के बंगले की मरम्मत का मामला

# सीबीआई ने दर्ज किया मामला

- विजिलेंस ने 52.71 करोड़ खर्च करने की दी थी रिपोर्ट
- आप ने बताया, भाजपा की साजिश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बंगले की मरम्मत मामले की जांच अब सीबीआई करेगी। जांच एजेंसी ने बुधवार को मामला दर्ज किया है। 12 मई को विजिलेंस डिपार्टमेंट ने उनके बंगले और इसके कैम्पस में बने कार्यालय की मरम्मत को लेकर उपराज्यपाल विनय सक्सेना को एक रिपोर्ट सौंपी थी। उन्होंने बताया था कि बंगले पर 52.71 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं।

इसके बाद 18 जून को विजिलेंस डिपार्टमेंट ने पीडब्ल्यूडी के 7 अफसरों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था, जिसमें उन्हें 15 दिन के अंदर अपना जवाब देना था। इस मामले पर आम आदमी पार्टी का कहना है कि भाजपा हमारी पार्टी को खत्म करने की पुरजोर कोशिश कर रही है। अब वे (भाजपा) केजरीवाल पर लगाम लगाना चाहते हैं, इसलिए सभी एजेंसियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि, उनके साथ 2 करोड़ दिल्लीवासियों का आशीर्वाद है। उन पर अब तक 50 से ज्यादा मामले दर्ज कर जांच की जा चुकी है। तब कुछ नहीं मिला और अब भी कुछ नहीं मिलेगा। भाजपा चाहे जितनी जांच करा ले, केजरीवाल हमेशा आम आदमी की भलाई के लिए लड़ते रहेंगे। नोटिस के मुताबिक, केजरीवाल के बंगले के पुराने ढांचे को बिना सर्वे रिपोर्ट के ढहा दिया गया था। पीडब्ल्यूडी ने नए भवन के निर्माण के लिए किसी भवन योजना की मंजूरी भी नहीं ली थी। मुख्यमंत्री के घर का निर्माण उनके अधिकारों का उल्लंघन कर किया गया है। उनका घर मंत्रालय के दिशा–निर्देशों के तय पैरामीटर से बहुत बड़ा है। विजिलेंस डिपार्टमेंट की 12 मई की रिपोर्ट के मुताबिक, केजरीवाल के घर पर 33.49 करोड़ रुपए खर्च हुए थे। वहीं 19.22 करोड़ रुपए उनके ऑफिस पर खर्च हुए।

खालिस्तान नेटवर्क पर एनआईए की बड़ी कार्रवाई

# 7 राज्यों में 53 जगह छापेमारी

### हिरासत में लिए कई संदिग्ध, गोला-बारूद भी बरामद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में आतंकवादी–गैंगस्टर–ड्रग तस्कर गठजोड़ को ध्वस्त करने के लिए नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को देश के 7 राज्यों में छापेमारी की. एनआईए की ओर से की गई इस छापेमारी में कई लोग हिरासत में लिए हैं। सुबह शुरू हुई इस छापेमारी में एनआईए ने 53 जगहों पर छापे मारे, जिसमें हथियार, गोला–बारूद भी बरामद किया। कनाडा में मौजूद खालिस्तान समर्थक आतंकी अर्श डल्ला, लॉरेंस बिश्नोई और सुक्खा दुनेके जैसे बड़े गैंग्स्टर्स के ठिकानों पर छापेमारी की गई। एनआईए ने घोषित आतंकवादी अर्श डल्ला और कई कुख्यात गैंगस्टरों से जुड़े आतंकवादियों–गैंगस्टरों–ड्रग तस्करों के गठजोड़ पर बड़े पैमाने पर कई राज्यों में कार्रवाई के दौरान कई संदिग्धों को हिरासत में लिया। छह राज्यों पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, यूपी, राजस्थान, उत्तराखंड और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में मारे गए छापों के दौरान पिस्तौल, गोला–बारूद, बड़ी संख्या में डिजिटल सबूत और आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। अर्श डल्ला के अलावा, इन छापों में एनआईए की जांच के दायरे में कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई, सुक्खा दुनेके, हैरी मौर, नरेंद्र उर्फ लाली, काला जठेरी, दीपक टीनू वगैरह शामिल थे। एनआईए ने अगस्त 2022 में 5 एफआईआर दर्ज की थीं। इन एफआईआर में ये सातवीं बार है, जब एनआईए ने छापेमारी की कार्रवाई को अंजाम दिया है, उसके अलावा 2 एफआईआर इसी साल जुलाई में दर्ज की गई थीं, जिनमें छापेमारी की गई।

हिन्द प्रशांत देशों के सेना प्रमुखों का सम्मेलन संपन्न

# सेना प्रमुख चुनौतियों का मिलकर समाधान करने पर सहमत

### सम्मेलन में 30 देशों ने हिस्सा लिया




**नई दिल्ली, एजेंसी।** हिन्द प्रशांत देशों के सेना प्रमुखों ने खुले और समावेशी हिन्द प्रशांत क्षेत्र की पुरजोर वकालत करते हुए इस क्षेत्र में सामने आने वाली चुनौतियों के समाधान की दिशा में मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की है। भारत और अमरीका की सेनाओं ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र के सेना प्रमुखों के 13 वें द्विवार्षिक सम्मेलन की यहां संयुक्त रूप से मेजबानी की थी। सोमवार को शुरू हुआ यह सम्मेलन बुधवार को संपन्न हो गया। सम्मेलन के दौरान विभिन्न मंचों तथा सत्रों में हिन्द प्रशांत क्षेत्र पर व्यापक चर्चा हुई और इसमें सभी देशों ने नियमों पर आधारित व्यवस्था वाले खुले और समावेशी हिन्द प्रशांत की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र में विभिन्न स्तर पर विविधता देखने को मिलती है। सभी ने क्षेत्र की चुनौतियों का मिलकर समाधान करने की दिशा में प्रयास करने पर सहमति व्यक्त की।

सम्मेलन में 30 देशों ने हिस्सा लिया जिनमें 18 देशों के सेना प्रमुख और 12 देशों के प्रतिनिधिमंडल शामिल थे। सम्मेलन के दौरान प्रतिनिधियों ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में 'शांति और स्थिरता' को बढ़ावा देने के प्रयासों पर चर्चा के साथ–साथ सुरक्षा और आपसी हित के समसामयिक मुद्दों पर विचारों का आदान–प्रदान किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को सम्मेलन में उद्घाटन भाषण दिया और हिन्द प्रशांत क्षेत्र की जटिल चुनौतियों से मिलकर निपटने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे समृद्ध , सुरक्षित और समावेशी भविष्य को सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

# आतंकियों की भूख हड़ताल जारी, अब पानी भी छोड़ा

## 2 की हालत बिगड़ती

**भोपाल, देशबन्धु।** जेल अधीक्षक राकेश भांगरे ने बुधवार दोपहर लगभग डेढ़ घंटे तक जेल में घड़ी, न्यूज पेपर, लाइब्रेरी और सामूहिक नमाज की अनुमति देने की मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे सिमी के चार खुंखार आतंकियों से बात की। उनके साथ जेलर सरोज मिश्रा भी मौजूद थे। दोनों अधिकारियों ने आतंकियों को भूख हड़ताल खत्म करने के लिए कई तरह से समझाश दी। लेकिन आतंकियों ने मांगे पूरी न होने तक हड़ताल खत्म करने से साफ इनकार कर दिया।

जेलर सरोज मिश्रा ने बताया कि सिमी के चार खुंखार आतंकियों अबू फैसल, कमरूद्दीन, कामरान और शिवली ने 8 अगस्त से एक-एक कर भूख हड़ताल की शुरुआत की। जेल नियमों के हिसाब से चारों ने लिखित में भूख हड़ताल की सूचना दी थी। इस पर हमने नियम अनुसार उन्हें चेतावनी पत्र जारी किया। चारों ने हड़ताल खत्म नहीं की, हमने आगे की कार्रवाई करते हुए उनकी मुलाकात और चिट्ठी लिखने पर रोक लगा दी। इसके बावजूद उन्होंने भूख हड़ताल खत्म नहीं की। लिहाजा शुरूआती दिनों में चारों को तरल पदार्थ के माध्यम से खुराक दी जाती रही। लेकिन



अब चारों ने इसे लेना बंद कर दिया है। यहां तक की चारों ने पानी पीना भी छोड़ दिया है। इससे चारों के स्वस्थ्य में तेजी से गिरावट आ रही है, जबकि दो की हालत तो नाजूक हो गई है। इसके चलते बुधवार को जेल अधीक्षक राकेश भांगरे ने चारों से करीब डेढ़ घंटा बात की है। उन्हें तमाम समझाइश देकर भूख हड़ताल खत्म करने को कहा गया। लेकिन चारों ने साफ इनकार कर दिया है। ऐसे में अब आगे की रणनीति को लेकर जेल अधिकारियों ने करीब एक घंटे तक बैठक भी की।

# बौद्धिक संपदा अधिकार पर हुआ व्याख्यान का आयोजन



**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय में बायोटेक्नोलॉजी विभाग ने बुधवार को ई-सेल, आईआईसी, अनुसंधान समिति और आईक्यूएसी के सहयोग से बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) पर केंद्रित एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। इस आयोजन का प्राथमिक उद्देश्य आईपीआर से संबंधित तकनीकी ज्ञान साझा करना था।

व्याख्यान में एमपीसीएसटी, भोपाल में वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक और पेटेंट सूचना केंद्र के प्रमुख डॉ. एन.के. चौबे इस मुख्या वक्त के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कॉपीराइट, पेटेंट, डिज़ाइन, औद्योगिक डिज़ाइन, भौगोलिक संकेत, ट्रेडमार्क और व्यापार रहस्य सहित आईपीआर के विभिन्न रूपों के बारे में जानकारी प्रदान की। डॉ. चौबे ने इस बात पर जोर दिया कि नवाचारों और रचनात्मक कार्यों को प्रभावी ढंग से पहचानने, रणनीति बनाने, व्यावसायीकरण करने, लागू करने और सुरक्षित रखने के लिए बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) की गहन समझ एक मूलभूत आवश्यकता है। इसके अलावा, उन्होंने नियम उल्लंघन और अनधिकृत उपयोग जैसे मुद्दों के समाधान के लिए रणनीतियों पर गहराई से विचार किया। कॉलेज प्रबंधन ने बायोटेक्नोलॉजी विभाग के प्रयासों की सराहना की और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# तेज रफ्तार कार ने मोटर साइकिल सवार किसान को रौंदा, मौत

## फसल बेचकर घर लौट रहा था

**भोपाल, देशबन्धु।** वीआइपी रोड पर मोटर साइकिल से जा रहे किसान को एक तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया। इस दुर्घटना में किसान की मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया है कि घटना के वक्त किसान फसल बेचकर अपने घर शाहपरा लौट रहा था। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से कार के बारे में जानकारी जुटा रही है।

कोहेफिजा थाना पुलिस के मुताबिक मंगलवार शाम वीआइपी रोड पर हादसे की सूचना मिली थी। इस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने हादसे के शिकार युवक को अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतक की पहचान शाहपुरा गांव में मस्जिद के पास रहने वाले 45 वर्षीय प्रीतम सिंह पुत्र प्यारेलाल अहिरवार के रूप में हुई। वह मूलत: सीहोर जिले का रहने वाला था। वहां उसकी जमीन भी है। मंगलवार सुबह वह अपनी मोरट साइकिल से सीहोर गया था। सीहोर में अपनी फसल बेचने के बाद रुपये लेकर वह वापस घर लौट रहा था। देर शाम वह वीआइपी रोड पर करबला घाट के सामने से गुजर रहा था, तभी किसी कार चालक ने उसे चपेट में ले लिया था। घटना की सूचना मिलने पर उसके परिजन अस्पताल पहुंच गए थे। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव उन्हें सौंप दिया गया।

बताया गया है कि प्रीतम किसानी करने के साथ ही राजमिस्त्री का भी काम करता था। विवाहित प्रीतम के तीन बेटे हैं। उसने कुछ दिन पहले ही अपने माता-पिता को बड़े बेटे करन के साथ तीर्थ यात्रा करने के लिए भेजा था। सभी लोग मंगलवार को ही तीर्थ दर्शन कर घर वापस लौटे थे, तभी उन्हें कभी न भूलने वाले गम की सूचना मिली। हादसे के बाद से परिवार में मातम का माहौल है। पुलिस सीसीटीवी की तस्वीरे खंगालकर प्रीतम को टक्कर मारकर भागी कार के बारे में सुराग जुटा रही है।

# प्रतिभा योजना के तहत आवेदन 30 तक

**भोपाल, देशबन्धु।** आदिम जाति कल्याण विभाग के माध्यम से क्रियान्वित योजनाओं के तहत प्रतिभा योजना वर्ष 2022-23 के लिए एमपीटॉस्क पोर्टल पर आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर नियत की गई है। आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग की जिला संयोजक ने बताया कि जिले के अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों को लाभांवित करने हेतु संचालित प्रतिभा योजना का विकेन्द्रीकरण किया गया है जिसके तहत विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि का वितरण जिला स्तर से किया जाएगा। प्रतिभा योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया निर्धारित की गई है जिसके अनुसार आवेदक को एमपीटॉस्क पोर्टल पर आवेदन अंतिम तिथि तक करना अनिवार्य होगा। जिसके अंतर्गत आवेदक को स्कोर कार्ड इंस्टीटयूट एडमिशन रिसिप्ट अपलोड करना होगा। ऑन लाइन स्वीकृति के लिए डाटा लाभार्थी अपने मूल जिले के जिलाधिकारी के लॉगिग प्रदर्शित होगा। जिला अधिकारी के परीक्षण उपरांत इसे अनुमोदित कर ऑन लाइन स्वीकृति आदेश की प्रक्रिया क्रियान्वित की जाएगी।

# मंदिर में चोरी से नाराज जैन समाज ने दिया धरना

**भोपाल, देशबन्धु।** विमानतल मार्ग की दाता कॉलोनी स्थित वर्धमान नगर में जैन मंदिर से रविवार-सोमवार की दरमियानी रात दो बदमाशों ने चांदी का क्षत्र, सिंहासन और अष्ट धातु से बनी तीन मूर्तियां चोरी कर ली थी। इस मामले में पुलिस तीन दिन बाद भी आरोपियों का सुराग नहीं जुटा सकी है। इधर आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज जैन समाज ने बुधवार को मंदिर परिसर में महिलाओं और बच्चों के साथ धरना दिया।

मंदिर के अध्यक्ष ने सुभाष जैन काला ने बताया कि मंदिर से चोरी गए सामान की कीमत करीब आठ लाख रूपए है। खास बात यह है कि वारदात को उस समय अंजाम दिया गया जब प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के भोपाल दौरे को लेकर शहर में चॉक चौबंद सुरक्षा



व्यवस्था के दावे किए जा रहे थे। ऐसे में चोरी की वारदात के बाद समाज के लोगों में रोष है। यही वजह है कि बुधवार को मंदिर परिसर में आरोपियों की गिरफ्तारी कर चोरी गई कीमती मूर्तियों व चांदी के छत्र और सिंहासन बरामद करने की मांग को लेकर जैन समाज ने धरना दिया। इसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हुए। श्री जैन का कहना है, समाज ने निर्णय लिया है कि जब तक चोर नहीं पकड़े जाते मंदिर परिसर में एक अखंड ज्योत जलती रहेगी। यह सिलसिला लगातार तीन दिनों से जारी है। वहीं समाज की ओर से आरोपियों की गिरफ्तारी पर 51 हजार का इनाम भी घोषित किया गया है।

## पुलिस के 6 दल तलाश में जुटे

इधर कोहेफिजा थाने के प्रभारी बृजेंद्र मर्सकोले ने बताया कि आरोपियों की तलाश में क्राइम ब्रांच, साइबर क्राइम, एफएसएल की टीम सहित एसीपी की एक टीम और थाने की एक टीम जुटी है। इन टीमों ने अब तक आरोपियों की पहचान के लिए घटना स्थल के आस पास 25 स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की तस्वीरें खंगाल ली है। वहीं बदमाशों की तलाश में उनके भागने वाले रास्तों का नक्शा तैयार किया जा रहा है। फिलहाल आरोपियों के संबंध में कोई ठोस जानकारी हाथ नहीं लगी है। लेकिन पुलिस हर हाल में आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

# एलएन मेडिकल कॉलेज में ओरियंटेशन कार्यक्रम सम्पन्न



**भोपाल, देशबन्धु।** कोलार रोड़ स्थित एलएन मेडिकल कॉलेज में साल 2023 के छात्र-छात्राओं के ओरियंटेशन, इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित हुआ। इस दौरान सभी नए छात्र-छात्राओं का परिचय हुआ और उनके उज्जवल भविष्य के लिए विस्तृत चर्चा की गई।

कॉलेज के सभागार में आयोजित कार्यक्रम मे शिक्षाविदों ने नए छात्रों और उनके परिजनों को कॉलेज प्रबंधन के नियमों और सामाजिक गतिविधियों से अवगत करवाया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रो. चांसलर डॉ. अनुपम चौकसे ने छात्र छात्राओं से आह्वान किया कि वह महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए महाविद्यालय हित में कार्य करें। तथा कक्षाओं में अध्ययन कार्य सुचारू रूप से करें। कॉलेज डीन डॉ. नालिनी मिश्रा ने कहा, यह सबसे उच्च श्रेणी का सेवा क्षेत्र है, जिसे आज भी लोग भगवान का दर्जा देते हैं। उन्होंने छात्रों को समझाया कि जब आप अस्पतालों में चिकित्सक के रूप में काम करेंगे तो आपके सामने कई बार ऐसी स्थितियां आएंगी, जहां आपको अपने परम धैर्य का परिचय देना होगा। इस दौरान कॉलेज की संचालक डॉ. श्वेता चौकसे, कार्यकारी संचालक धर्मेंद्र गुप्ता, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एनके थापा और रजिस्ट्रार अजित कुमार सोनी ने भी सभी छात्र-छात्रों को उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।


## कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल

जोन क्रं. 08 यांत्रिक विभाग

**निविदा आमंत्रण घोषणा पत्र**

क्रं. 208/यां.वि./2023 भोपाल, दिनांक 27.09.2023

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहर बंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| S. No | Tender ID | Name of Work | Probable Amount of Contract (Rs. in lakh) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs) | Cost of Bid Document (In Rs) | Period of Completion (in Months) | SOR |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_ UAD_ 312240_1 | construction of sanskratik manch near park ambedkar nagar and other places w-28 z-08 | 592826/- | 5928/- | 2000/- | 02 months | MPUADD building sor 2021 |

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/ 2. The Bid Document can be purchased only online from 10:30A.M. (time) 27.09.2023 (date) to 17:30P.M. (time) 05.10.2023 (date).3. Amendments to NIT, if any, would be published on website https://www.mptenders.gov.in/ only, and not in newspaper.

The initial period of 05( five year after completion shall be treated as Defect Liability Period (DLP).

**नि. क्रं. 1115/025/024**

**Assistant Engineer (Civil)**
**Zone-08 Municipal Corporation Bhopal District Bhopal**



## परिशिष्ठ IV (नियम 8(1)) आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति हेतु)

**एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड**

CIN - U67100MH2007PLC174759

**रिटेल केन्द्रीय एवं पंजीकृत कार्यालय :** एडलवाइस हाउस, ऑफ सी.एस.टी. रोड, कलीना, मुम्बई 400098

जबकि यहाँ उल्लिखित सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन (अधिनियम), 2002 के तहत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 (नियम 3) के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर नीचे यथा उल्लखित मांग सूचना जारी की थी जिमसें कर्जदार(ओं) से सूचना में उल्लिखित राशि उक्त सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के अंदर भुगतान करने के लिए कहा।

इसके बाद, **एयु स्माल फायनेंस बैंक लिमिटेड** (इसके बाद AUSFBL संदर्भित) ने अधोल्लिखित वित्तीय परिसंपत्तियाँ **एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड** को अपनी **ईएआरसी ट्रस्ट एससी-379 के ट्रस्टी** की क्षमता से कार्यरत (यहाँ आगे **"ईएआरसी"** कहा गया है) **असाइनमेंट एग्रीमेंट** सरफासी अधिनियम, 2002 की धारा 5 के तहत एसाइन कर दीं। ईएआरसी की भूमिका में आ गया और वित्तीय परिसंपत्तियों के संबंध में विचाराधीन प्रतिभूति हितों, गारंटी, रेहनों सहित के सभी अधिकार, हक और हित कर्जदार द्वारा ली गई वित्तीय सहायता के संबंध में **ईएआरसी** को निहित हो गए हैं और **ईएआरसी** प्रत्याभूत लेनदार के रूप में अपने सभी अधिकार प्रयोग करता है।

कर्जदार द्वारा राशि का भुगतान करने में असफल रहने पर एतद्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य को सूचित किया जाता है कि **एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी की क्षमता से अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर नीचे वर्णित संपत्ति का **भौतिक कब्जा** ले लिया है।

उधारकर्ता का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधो की ओर आकृष्ट किया जाता है।

विशेष रूप से कर्जदार और सामान्य रूप में सर्वजन को संपत्ति से कोई लेन-देन न करने के लिए आगाह किया जाता है और संपत्ति का कोई भी लेन-देन नीचे उल्लिखित राशि और इस पर ब्याज के लिए **एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड** के प्रभार के अधीन होगा।

| समनुदेशक का नाम | ट्रस्ट का नाम | ऋण खाता नंबर | उधारकर्ता एवं सह-उधारकर्ता(ओं) का नाम | मांग सूचना की राशि एवं दिनांक | कब्जे की तारीख | कब्जे की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| एयू स्माल फाइनेंस बैंक लि. | EARC TRUST SC- 379 | 900106 010006 2559 | 1) देवराज मेवाड़ा (ऋणी) 2) करण मेवाड़ा, पार्वती बाई मेवाड़ा, राकेश मेवाड़ा (सह-ऋणियों) | ₹ 4,59,190/- (रुपये चार लाख उनसठ हजार एक सौ नब्बे मात्र) एवं 24.09.2019 | 26-09-2023 | भौतिक आधिपत्य |
| **संपत्ति का विवरण:** प्लॉट नं. 41 पर पूरा निर्मित मकान, सर्वे नं. 107/3, वार्ड नं.15, ग्राम बाउपुरा, तहसील आष्ठ जिला सीहोर, क्षेत्रफल 1750 वर्गफीट, **सम्पत्ति मालिक** – करण मेवाड़, **चर्तुसीमा:**– पूर्व: हेमराज मेवाड़ा का मकान; पश्चिम : रास्ता; उत्तर: सोनू मेवाड़ा का प्लॉट; दक्षिण : आम रास्ता। | | | | | | |
| एयू स्माल फाइनेंस बैंक लि. | EARC TRUST SC- 379 | 900106 011388 2167 | 1) ईश्वर सिंह राजपूत (ऋणी) 2) कविता राजपूत (सह-ऋणी) | ₹ 4,35,803/- (रुपये चार लाख पैतीस हजार आठ सौ तीन मात्र) एवं 03.06.2019 | 26-09-2023 | भौतिक आधिपत्य |
| **संपत्ति का विवरण:** पटवारी हल्का नं. 73 पर पुरा निर्मित मकान, खसरा नं. 99, ग्राम निपानिवा, ग्राम पंचायत चिचलाय, तहसील- नसरुल्लागंज, जिला- सीहोर, शहर: सीहोर, राज्य: मध्य प्रदेश, **सम्पत्ति मालिक** – ईश्वर सिंह राजपूत, क्षेत्रफल 80 वर्ग मीटर, **चर्तुसीमा:** पूर्व: सड़क; पश्चिम: रमेश मिस्त्री का मकान; उत्तर: भागीरथ साहू का मकान; दक्षिण: नत्थू सिंह का मकान | | | | | | |
| एयू स्माल फाइनेंस बैंक लि. | EARC TRUST SC- 379 | 900106 010006 3982 | 1) मनोहर सिंह विश्वकर्मा (ऋणी) 2) उर्मिला विश्वकर्मा (सह-ऋणी) 3) मानसिंह परमार (जमानतदार) | ₹ 3,36,432/- (रुपये तीन लाख छत्तीस हजार चार सौ बत्तीस मात्र) एवं 02.03.2019 | 26-09-2023 | भौतिक आधिपत्य |
| **संपत्ति का विवरण:** पटवारी हल्का नं.48 पर पुरा निर्मित मकान, खसरा नं.86, मकान नं.109, वार्ड नं.11, किलेरामा, तहसील आष्ठ, जिला-सीहोर शहर: सीहोर, राज्य: मध्य प्रदेश, 466116, क्षेत्रफल 720 वर्गफीट, **सम्पत्ति मालिक** – मनोहरसिंह विश्वकर्मा, **चर्तुसीमा:**– पूर्व: आम रास्ता; पश्चिम: कृपाल सिंह का मकान; उत्तर : आम रास्ता; दक्षिण : रास्ता | | | | | | |

**स्थान : मुम्बई**
**दिनांक : 27-09-2023**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड**

Edelweiss Asset Reconstruction


# बैरसिया नपा ने दी 35 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

## सौन्दर्यकरण होगा, शहर संवरेगा




**भोपाल, देशबन्धु।** बैरसिया नगर पालिका ने बुधवार को नगरवासियों को 34 करोड़ 90 लाख के सैकड़ों विकास कार्यों की बड़ी सौगात दी । इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में विकास कार्यों का भूमिपूजन करने के साथ्ज्ञ ही विभिन्न योजनाओं के लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ का भी वितरण किया गया।

नपा द्वारा मानस भवन में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक विष्णु खत्री, पूर्व विधायक भक्तपाल सिंह राठौड़, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कुबेर सिंह गुर्जर, नपाध्यक्ष तनुश्री राठौड़ ने विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें सबसे बड़ी योजना 26 करोड़ 67 लाख की लागत से अमृत 0.2 के तहत संजय सागर बांध से पाइपलाइन के माध्यम से बैरसिया शहर को पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा मुख्य मार्गों पर मार्ग विभाजक, सौन्दर्य करण एवं प्रवेश द्वार निर्माण कार्य, मांडा इमली पार्क विकास कार्य, वसई तालाब सौंदर्य करण, संजीवनी क्लिनिक सहित अन्य निर्माण कार्यों का भूमिपूजन भी किया इसीके साथ मुख्यमंत्री आवास भू अधिकार योजना अंतर्गत 432 हितग्राहियों को पट्टा वितरण किए गए तथा 32 हितग्राहियों को साइकिल वितरण की गई । 4 नये कचरा वाहनों की चाबी सौंपी गई। 300 हितग्राहियों को पीएम स्वनिधि योजना अन्तर्गत 10 हजार एवं 100 को 20 हजार 10 को 50 हजार लोन सुकृति पत्र वितरण किए गए। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किस्त 25 हितग्राहियों एवं 10 को तीसरी किस्त का भुगतान किया गया। इस अवसर अनुविभागीय अधिकारी विनोद सोनकिया, नपा सीएमओ ज्योति शिवहरे, नपा के सभी पार्षद एवं सरपंच, जनपद सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पालिक निगम सागर

क्र ./ लोककर्म/न.नि./2023/ 48 सागर दिनांक-27.09.2023

**ऑनलाईन निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_ 311911_1 27.09.2023 | बाघराज वार्ड में बीड़ी कालोनी से बाघराज मंदिर पुल तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 04 माह 34,21,000/- | 5,000/- 25,658/- | 18.10.2023 शाम 05.30 तक |
| 2 | 2023_UAD_ 311912_1 27.09.2023 | नरयावली नाका वार्ड में याकृति जडिया जी के पास से महाकाली मंदिर तक नाली निर्माण कार्य | 04 माह 17,32,033/- | 2,000/- 12,990/- | 18.10.2023 शाम 05.30 तक |
| 3 | 2023_UAD_ 311914_1 27.09.2023 | बाघराज वार्ड में ओ.पी.सोनकर से आशाराम रजक तक सी.सी. रोड, पुलिया निर्माण कार्य | 04 माह 24,21,000/- | 5,000/- 18,158/- | 18.10.2023 शाम 05.30 तक |
| 4 | 2023_UAD_ 311915_1 27.09.2023 | तिलकगंज वार्ड में भगवानदास पटैल से जितेन्द्र तोमर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य (पार्षद निधि) | 04 माह 12,76,000/- | 2,000/- 9,570/- | 18.10.2023 शाम 05.30 तक |
| 5 | 2023_UAD_ 311916_1 27.09.2023 | तिली वार्ड में सतीशकुमार सैनी से तिवारी जी के पास सी.सी. एवं नाली निर्माण कार्य | 04 माह 12,22.000/- | 2,000/- 9,165/- | 18.10.2023 शाम 05.30 तक |
| 6 | 2023_UAD_ 311917_1 27-09-2023 | मोहन नगर वार्ड शीतला माता मंदिर से गौरव नामदेव तक नाली निर्माण कार्य (पार्षद निधि) | 03 माह 8,50,592/- | 2,000/- 8,506/- | 18.10.2023 शाम 05.30 तक |
| 7 | 2023_UAD_ 311918_1 27.09.2023 | सामुदायिक भवन सुभाष नगर वार्ड के शेष कार्य पूर्ण करने का कार्य | 03 माह 6,14,000/- | 2,000/- 6,140/- | 18.10.2023 शाम 05.30 तक |
| 8 | 2023_UAD_ 311919_1 27-09-2023 | नरयावली नाका वार्ड में कुंआ पर जाल डालने एवं सौंदर्यीकरण का कार्य | 03 माह 6,01,216/- | 2,000/- 6,013/- | 18.10.2023 शाम 05.30 तक |
| 9 | 2023_UAD_ 311920_1 27.09.2023 | बाघराज वार्ड में धर्मदास बाबा मंदिर से संजय ड्राईव (पंडापुरा क्षेत्र) स्थलों पर रोड मरम्मत कार्य | 03 माह 4,09,000/- | 2,000/- 4,090/- | 18.10.2023 शाम 05.30 तक |
| 10 | 2023_UAD_ 311921_1 27.09.2023 | मोतीनगर वार्ड में माता मढिया के पास नाली मरम्मत कार्य (पार्षद निधि) | 03 माह 3,86,285/- | 2,000/- 3,863/- | 18.10.2023 शाम 05.30 तक |
| 11 | 2023_UAD_ 311922_1 27.09.2023 | फर्श पर पेवर ब्लॉक एवं टाईल्स फ्लोरिंग कार्य पुलिस लाईन में पुराने वायरलेस आफिस के पास डॉ. हरिसिंह गौर वार्ड, सागर (द्वितीय आमंत्रण) (विधायक निधि) | 03 माह 2,81,524/- | 2000/- 2,816/- | 18.10.2023 शाम 05.30 तक |
| 12 | 2023_UAD_ 311924_1 27.09.2023 | हरिसिंह गौर वार्ड में एफ. एस. एल. कालोनी से पुलिस लाईन स्कूल निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | 04 माह 8,14,332/- | 2,000/- 8,144/- | 18.10.2023 शाम 05.30 तक |

नोट -निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन लाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, सागर**



## कार्यालय नगर पालिका परिषद मकरोनिया जिला सागर

क्रं./लो. नि./ निविदा /2023 / 2821 मकरोनिया दिनांक 26.09.2023

**निविदा आमंत्रण सूचना**

केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली के अंतर्गत म.प्र. लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रं. | कार्य का नाम एवं स्थान | अनुमानित लागत (लाख में) एवं समयावधि | अमानत राशि निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_ 312247 | कायाकल्प 2.0 के अंतर्गत समस्त वार्डों मे बी.टी. रोड एवं सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी नाली निर्माण कार्य । | 190.52 04 माह | 95500/- 12500/- | 07.10.2023 |
| 2 | 2023_UAD_ 312253 | वार्ड कं. 3 में व्यवसायिक एवं सामुदायिक भवन निर्माण कार्य । | 247.25 12 माह | 124000/- 15000.00 | 27.10.2023 |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन आनलाईन www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**मकरोनिया जिला सागर ( म.प्र. )**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी,**
**नगर पालिका परिषद**
**मकरोनिया जिला सागर ( म.प्र. )**

भोपाल, गुरुवार 28 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# सांसदी से विधायकी की भाजपायी उलटबांसी

भारतीय जनता पार्टी प्रयोगों के नये दौर से गुजर रही है। दुनिया में नेतृत्व व जनप्रतिनिधित्व का विकास नीचे से ऊपर तरफ होता है। कतिपय अपवादों को छोड़कर अपने कार्यकर्ताओं को ग्राम पंचायत या पार्षद स्तर से विधायकी और फिर वहां से सासंदी का रास्ता दिखलाया जाता है लेकिन भाजपा में उल्टी धारा बह रही है। इसी नवम्बर में जिन राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं उनमें मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ भी हैं। दोनों राज्यों के अब तक जितने उम्मीदवारों की घोषणा हो चुकी है उनमें अनेक ऐसे हैं जो साफ तौर पर भाजपायी प्रयोग के गिनीपिग बनाये जा रहे हैं। ये सांसद हैं लेकिन उन्हें विभिन्न विधानसभाई सीटों पर लड़ाया जा रहा है। कुछ तो मंत्री भी हैं। संसद सदस्यों को राज्यों में विधानसभा चुनाव लड़ने के लिये उतारना साबित करता है कि भाजपा के पास मुद्दों के साथ-साथ चेहरों की भी कमी है। हालांकि कई राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार इसके पीछे पार्टी के सर्वेसर्वा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके प्रमुख सहयोगी व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सुनियोजित चाल हो सकती है। देखना होगा कि यह कदम आत्मघाती साबित होता है या सफलता दिलाएगा।

छत्तीसगढ़ की पहले बात कर लें! यहां भाजपा बेहद कमजोर स्थिति में है जहां 90 सीटों वाले सदन में उसके केवल 14 सदस्य हैं। यहां जिन प्रत्याशियों के नामों का ऐलान हो गया है, उनमें दुर्ग से लोकसभा में पहुंचे विजय बघेल को उनके चाचा व प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ पाटन क्षेत्र से उतारा गया है। यह सीट दुर्ग की 8 विधानसभा सीटों में से एक है। राज्यसभा के सदस्य रामविचार नेताम सरगुजा क्षेत्र की रामानुजगंज सीट से चुनाव लड़ेंगे। रायपुर (शहर) सीट पर वर्तमान विधायक श्रीचंद सुंदरानी के साथ ही राजधानी के पूर्व महापौर सुनील सोनी का नाम सबसे आगे चल रहा है जो इस वक्त रायपुर के सांसद हैं। बिलासपुर सीट का लोकसभा में प्रतिनिधित्व करने वाले अरूण साव भाजपा के अध्यक्ष हैं जिनके बारे में कहा जा रहा है कि उन्हें बिलासपुर विधानसभा सीट से लड़ाया जा सकता है ताकि जीत की स्थिति में (जो वर्तमान परिदृश्य में दूर की कौड़ी है) उनका ओबीसी चेहरा काम आ सके और भूपेश बघेल का यह चुनाव प्रचार के दौरान जवाबी नाम भी हो। छत्तीसगढ़ की पिछले मुख्यमंत्रियों के समय से यह परम्परा बनी है कि जो पार्टी अध्यक्ष बहुमत दिला सके वही सीएम बन सकता है। 2003 में डॉ. रमन सिंह को सीएम पद इसलिये मिला था क्योंकि उन्हीं के नेतृत्व में भाजपा जीती थी। ऐसे ही, भूपेश बघेल की अध्यक्षता में कांग्रेस जीती जिसके बाद उनकी इस पद की दावेदारी पर पार्टी हाईकमान की मुहर लगी थी। देखना होगा कि अरूण साव को टिकट थमाई जाती है या नहीं और अगर ऐसा होता है तो क्या साव इस मौके को अपने लिये भुना पायेंगे? छत्तीसगढ़ की केन्द्रीय मंत्रिमंडल में एकमात्र प्रतिनिधि सरगुजा लोकसभा क्षेत्र की सांसद रेणुका सिंह हैं। क्या उन्हें भी छग में किसी सीट पर विधानसभा चुनाव लड़ने के लिये कहा जायेगा? अब तक इसका खुलासा नहीं हुआ है। हालांकि अभी काफी सीटों पर नाम घोषित होने बकाया हैं।

खैर, मध्यप्रदेश का मसला और भी दिलचस्प है। पेचीदा भी। छग में तो भाजपा के पास खोने के लिये कुछ नहीं है परन्तु मप्र में तो पूरी सरकार ही उसकी झोली से सरक सकती है। वैसे भी पिछली बार कांग्रेस की ही सरकार बनी थी। कमलनाथ के नेतृत्व में वह डेढ़ साल चली भी परन्तु ज्योतिरादित्य सिंधिया की अगुवाई में दर्जन भर से ज्यादा विधायकों को तोड़कर अपने पक्ष में लेते हुए शिवराज सिंह के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी थी। इस लिहाज से यह पराजित पार्टी की सरकार है। इस बीच सरकार के खिलाफ जन आक्रोश तगड़ा है। वहां तीन तरह की भाजपा बतलाई जाती है- शिवराज की, महाराज की (सिंधिया) और नाराज की (असंतुष्टों की)। यहां पीएम व शाह के लगातार दौरे हो रहे हैं लेकिन हालत सुधरने के नाम नहीं ले रहे हैं। उल्टे, कांग्रेस सतत मजबूत हो रही है। ज्योतिरादित्य के निकटस्थ कई लोग कांग्रेस में लौट चुके हैं। पिछले हफ्ते मोदी जब आये तो उन्होंने मंच पर शिवराज से जो व्यवहार किया तथा सम्बोधन के दौरान उनका नाम तक नहीं लिया, उससे कुछ साफ संकेत मिल रहे हैं। कहा जा रहा है कि चौहान साहब अब मोदी के विश्वासपात्र नहीं रहे। उन्हें निपटाने के लिये ही मोदी-शाह ने तीन केन्द्रीय मंत्रियों- प्रह्लाद पटेल, नरेन्द्र सिंह तोमर, फग्गन सिंह कुलस्ते समेत 7 सांसदों को विधानसभा सीटों की टिकटें थमाकर राज्य में भेज दिया है। इतना ही नहीं, राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय सहित, जो कभी खुद ही प्रत्याशी तय करते थे, अब इंदौर-1 से चुनाव लड़ेंगे। कहा जाता है कि मप्र भाजपा के सामने मुद्दों के साथ चेहरों के भारी अभाव के ही चलते भाजपा ने इतने सांसदों को उतारा है। अब भाजपा को बहुमत मिलता है तो मुख्यमंत्री पद के लिये और हारती है तो विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के लिये बड़ों के बीच घमासान तय है। मजेदार बात यह है कि अब तक खुद शिवराज सिंह चौहान की उम्मीदवारी का अता-पता नहीं है। अगर वे चुनावी मैदान में नहीं उतारे जाते तो किसके चेहरे पर पार्टी चुनाव लड़ेगी, यह सवाल भी बड़ा है। स्थानीय चेहरे के अभाव में यह चुनाव अपने आप मोदी की छवि और उन्हीं के चेहरे पर लड़ा जायेगा। पराजय सामने दिख रही है, तो ऐसे में क्या मोदी अपना नाम राज्य इकाई को उधार देंगे? रणनीति की यह उलटबांसी भाजपा के लिये वरदान बनती है या कयामत- देखना दिलचस्प होगा।

# सरकार की अंतरात्मा कहां है?

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

कुछ दिनों पहले की घटना है। उत्तरप्रदेश में एक स्कूल में शिक्षिका ने एक मुस्लिम बच्चे को कथित तौर पर उसके ही सहपाठियों से थप्पड़ लगवाए थे। बच्चे एक-एक करके आ रहे थे और उस रोते हुए बच्चे को थप्पड़ मार कर जा रहे थे। इस घटना का वीडियो भी बनाया गया था, जो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। एक धक्का और तर्ज की पर उस शिक्षिका को वीडियो में ये कहते हुए सुना गया कि थोड़ा और जोर से मारो। इस मामले ने बड़ा विवाद खड़ा किया। शिक्षिका ने अपनी सफाई दी, वहीं ये भी पता चला कि बच्चे के पिता ने अपने बच्चे को उस स्कूल से निकाल लेने का फैसला किया, कुछ किसान नेताओं ने पिटने वाले और पीटने वाले बच्चों को आपस में गले मिलवाकर मामले को खत्म करवाने की कोशिश भी की। इस बीच वो मासूम किस मानसिक पीड़ा से गुजर रहा होगा, इसकी परवाह व्यापक समाज करे, इतनी फुर्सत शायद नहीं है। क्योंकि समाज तो सरकार के रचे नित नए मायाजाल में ही फंसता जा रहा है। नए संसद भवन में प्रवेश, सत्ता का राजदंड सोने का भारी-भरकम सेंगोल, आसमान छूती मूर्तियों का अनावरण, आडंबर से भरे पूजा-पाठ, ट्रेनों, बसों को हरी झंडी दिखाना, चुनाव को ध्यान में रखते हुए नए-नए विधेयक पारित करवाना, जी-20 की तड़क-भड़क, ऐसे कई किस्म के जगर-मगर करते इवेंट भाजपा सरकार में किए जा रहे हैं और इनकी चकाचौंध के बीच समाज में कालिमा बढ़ाने वाली घटनाएं हो रही हैं। उप्र में स्कूल में बच्चे को उसके ही सहपाठियों से पिटवाना ऐसी ही एक घटना थी। इस मामले को रफा-दफा करने की तमाम कोशिशों के बीच इसे सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचाया गया, जहां न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने सुनवाई के दौरान जांच के तरीकों और दर्ज एफआईआर में पिता के लगाए आरोप हटाने को लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस को फटकार लगाई है। पीठ ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में संवेदनशील शिक्षा भी शामिल है। जिस तरह की यह घटना हुई है उससे राज्य की अंतरात्मा को झकझोर देना चाहिए।

अदालत ने राज्य की अंतरात्मा और संवेदनशीलता का जिक्र तो किया है, लेकिन सवाल यही है कि क्या इस वक्त भाजपा सरकार में अंतरात्मा की आवाज सुनी जाती है या किन्हीं और ही आवाजों के निर्देश पर काम हो रहा है। अंतरात्मा जैसी कोई चीज सरकार में है नहीं या फिर राहुल गांधी की बात ही सही है कि ये सरकार रिमोट कंट्रोल से चल रही है। राजा की जान तोते में बसी होने की कहानी समाज ने सुनी है, वैसे ही सरकार के प्राण आखिर किस रिमोट कंट्रोल में है और वो रिमोट कंट्रोल किसके पिंजरे में है, ये भी तो जनता को पता होना चाहिए। सरकार के पास अंतरात्मा होती तो अब तक न जाने कितनी बार हिल चुकी होती। अभी तो जैसा हाल देश का है, उसमें यही समझ आ रहा है कि अंतरात्मा को या तो पूरी तरह कुचल दिया गया है, या उसे किसी तहखाने में दबा दिया गया है। भाजपा सरकार अगर अंतरात्मा की आवाज सुनने लगे तो उन आवाजों का शोर इतना अधिक होगा कि सरकार का चैन उड़ जाएगा। अंतरात्मा की

**अदालत ने राज्य की अंतरात्मा और संवेदनशीलता का जिक्र तो किया है, लेकिन सवाल यही है कि क्या इस वक्त भाजपा सरकार में अंतरात्मा की आवाज सुनी जाती है या किन्हीं और ही आवाजों के निर्देश पर काम हो रहा है। अंतरात्मा जैसी कोई चीज सरकार में है नहीं या फिर राहुल गांधी की बात ही सही है कि ये सरकार रिमोट कंट्रोल से चल रही है।**

आवाज सुनने का मतलब सच और इंसाफ की राह पर निकल पड़ना है, जाहिर है सरकार इस वक्त इसके लिए तैयार नहीं है। जिस उत्तरप्रदेश के मामले में अदालत ने यह सख्त टिप्पणी की, उसी राज्य में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने लव जिहाद, धर्मांतरण और इसके साथ लैंड जिहाद का मुद्दा छेड़ दिया है। लव जिहाद और धर्मांतरण की बात तो देश बहुत समय से सुनता आया है, अब इसमें लैंड जिहाद भी जोड़ा गया है, इसमें मुस्लिमों पर आरोप लगाया जाता है कि मजार, मस्जिदें बनाने के नाम पर मुस्लिम जमीनों पर कब्जे करते जा रहे हैं। देश में किसी भी पीपल, नीम, इमली, बरगद या आंवले के पेड़ के नीचे या बीच चौराहे पर किसी पत्थर पर केसरिया रंग पोतकर उसे सिद्धि वाले मंदिर कितने बनाए गए हैं, इसकी कोई गिनती नहीं है। नवरात्रि और गणेश चतुर्थी जैसे मौकों पर सड़कें घेर कर धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं, लोगों की आवाजाही, कामकाज, पढ़ाई, कारोबार सब बाधित होते हैं, तब कोई तकलीफ नहीं होती, तब किसी को लैंड या सैंड या ट्री जिहाद दिखाई नहीं दिया। मगर अब मुस्लिमों को निशाने पर लेने के लिए ये नए किस्म का जिहाद गढ़ दिया गया है। संघ प्रमुख ने अपने लोगों से कहा कि इसको रोकने के लिए तेजी से और आक्रामक ढंग से अभियान चलाने की ज़रूरत है। भाजपा ने अपने शासन की मजबूती दिखाने के लिए कानून व्यवस्था से अधिक बुलडोजर के इस्तेमाल पर भरोसा किया, इससे पहले डबल इंजन सरकार का मुहावरा चलाया गया और अब संघ प्रमुख आक्रामक अभियानों की बात कह रहे हैं। क्या भाजपा इस बात का जवाब दे पाएगी कि यहां किस किस्म की आक्रामकता की वकालत की जा रही है। अखलाक और नासिर-जुनैद जैसे लोगों को मारने जैसी आक्रामकता, मुस्लिम बच्चे को पिटवाने और नूंह में दंगे करवाने जैसी आक्रामकता, ट्रेन में कपड़ों से पहचान कर मारने जैसी या फिर संसद में गालियां देकर शाब्दिक हिंसा करने जैसी आक्रामकता। संघ की निगाह में ये सारे प्रकरण पिछले साढ़े 9 सालों के मोदी राज की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धियों में शुमार हो सकते हैं। इन्हीं से हिंदुओं को ये समझ आया है कि अब उनका हिंदुत्व सुरक्षित है। क्योंकि जिस हिंदुत्व की पैरवी संघ करता आया है, और जो भाजपा की सत्ता का मूल मंत्र है, उसमें ऐसी ही आक्रामकता ऑक्सीजन का काम करती रही है। जब तक ऐसी आक्रामकता नहीं थी और देश में सब कुछ संविधान के हिसाब से चल रहा था। मंदिर-मस्जिद के झगड़ों के बीच भी समाज में जिहाद जैसे शब्दों के लिए ज्यादा जगह नहीं बनी थी। लोग ईद, दीवाली जैसे त्योहार बिना आक्रामक हुए मनाते थे। त्योहारों में खुशियां आती थीं, तनाव नहीं होते थे। धार्मिक काम सद्भाव की छांव में हो जाते थे, पुलिस के पहरों में नहीं। और खास बात ये है कि तब समाज में हिंदुओं के एक बड़े तबके के सामने यह सवाल खड़ा ही नहीं हुआ था कि उसका धर्म सुरक्षित है या नहीं।


लेकिन भाजपा ने धर्म की असुरक्षा का एक भाव बड़ी चालाकी से लोगों के मन में भर दिया। इससे धर्म सुरक्षित हुआ या अधर्म बढ़ा, इसका विश्लेषण लोग अपने विवेक से कर लें, लेकिन इतना तय है कि धर्म को असुरक्षित बताकर भाजपा ने अपनी सत्ता की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर ली। और भाजपा की सत्ता को संरक्षित करने का काम कुछेक उद्योगपतियों ने कर लिया। राहुल गांधी इन्हीं के हाथों में सत्ता का रिमोट कंट्रोल होने की बात कहते हैं। इसलिए माननीय अदालत की टिप्पणी का पूरा सम्मान करते हुए यह तथ्य रेखांकित किया जाना चाहिए कि भाजपा में आत्मा, परमात्मा, अंतरात्मा जैसी कोई अवधारणाएं काम नहीं कर रही हैं। अगर ज़मीर जिंदा होता तो फिर नकली आंसू निकालने के लिए नकली बहाने गढ़ने की जरूरत नहीं पड़ती। तब मणिपुर में महीनों से चल रही हिंसा को सरकार देख कर भी चुप नहीं बैठती। मित्रो के हवाईजहाज में इतना ईंधन तो आ ही जाता, जो सरकार बहादुर को मणिपुर तक ले जाता। या कि संसद में गालियां देने वाले रमेश बिधूड़ी के खिलाफ लोकतंत्र की मानहानि का मुकदमा दर्ज करा दिया जाता और उतनी ही तेजी से उन्हें संसद से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता, जिस तेजी से राहुल गांधी को संसद से निकाला गया था। ज़मीर जिंदा होता तो सरकार के कामों के बूते भाजपा चुनावी मैदान में उतरती, और विपक्ष का सम्मान करते हुए चुनाव लड़ती।

लेकिन अभी श्री मोदी इंडिया गठबंधन को घमंडिया के अलावा और कौन से नए नाम देकर उसे कमतर साबित करें, कैसे गांधी-नेहरू परिवार की आलोचना करें, कैसे खुद ग्यारहवें अवतार के तौर पर साबित करें, इन्हीं प्रयासों में जुटे नजर आ रहे हैं। इन कोशिशों के बीच अंतरात्मा के सवाल पर सोचने का अवकाश उनके या भाजपा के नेताओं के पास कहां हैं। अंतरात्मा को जिंदा रखा जाता तो देश के हाल देखकर उसमें हलचल होती, अन्याय और उत्पीड़न देकर वह हिल जाती, लेकिन अभी अंतरात्मा और आक्रामकता के बीच भाजपा दूसरे पक्ष को चुनती दिखाई दे रही है।

# भाजपा ने खुली रखी है मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री की कुर्सी की दावेदारी

एक आश्चर्यजनक और नाटकीय कदम में, भाजपा ने तीन केंद्रीय मंत्रियों सहित सांसदों को राज्य में स्थानांतरित कर दिया, और उन्हें आगामी चुनावों में मध्यप्रदेश में विधानसभा के लिए लड़ने के लिए कहा। पर्यवेक्षकों का मानना है कि इस कदम के दोहरे उद्देश्य हैं। पार्टी को लगता है कि इस बार उसकी स्थिति डांवाडोल है और इसलिए वह ऐसे उम्मीदवारों को मैदान में उतारना चाहती है जिनकी जीत सौ फीसदी तय मानी जाये। दूसरे, अगर मुख्यमंत्री बदलना हो तो इस पद के लिए अनुभवी नेता उपलब्ध हों। गौरतलब है कि यह नाटकीय बदलाव तब किया गया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी रैलियों को संबोधित करने के बाद भोपाल से रवाना हुए।

सांसदों के अलावा, एक और आश्चर्यजनक समावेशन कैलाश विजयवर्गीय का है। वह पार्टी के महासचिव का कार्यभार संभाल रहे हैं। इससे पहले वह राज्य विधानमंडल के सदस्य थे। 2018 के विधानसभा चुनाव में उनकी जगह उनके बेटे को टिकट दिया गया था। भाजपा द्वारा घोषित उम्मीदवारों की दूसरी सूची में सात सांसद शामिल हैं। पहली और दूसरी दोनों सूचियों में 39-39 उम्मीदवार, कुल 78 उम्मीदवार शामिल हैं।



एल एस हरदेनिया

**यह सूची करोड़ों कार्यकर्ताओं का दावा करने वाली पार्टी की अंदरूनी हार पर पक्की मुहर है। यह सांसदों के विकास के 'खोखले दावों' की पोल खोलता है। उन्होंने कहा, 'भाजपा को यह अहसास होना चाहिए कि लोग सब कुछ जानते हैं, जनता उनसे 18 साल के कुशासन का हिसाब लेगी।' चुनावी राज्य मध्यप्रदेश के दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर सबसे तीखा हमला बोला।**

सूची में तीन केंद्रीय मंत्री - नरेंद्र सिंह तोमर (कृषि), जो भाजपा राज्य चुनाव प्रबंधन समिति के प्रमुख हैं, प्रह्लाद सिंह पटेल (खाद्य प्रसंस्करण और जलशक्ति मंत्रालय में राज्यमंत्री) और फग्गन सिंह कुलस्ते (इस्पात और ग्रामीण विकास में राज्यमंत्री) हैं। चार लोकसभा सांसद - पूर्व राज्य भाजपा प्रमुख राकेश सिंह, गणेश सिंह, रीति पाठक और उदय प्रताप सिंह भी नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव लड़ेंगे।

इस सूची में कम से कम चार नाम शामिल हैं, जिन्हें कभी न कभी संभावित मुख्यमंत्री चेहरे के रूप में देखा गया है। यदि भाजपा जीतती है, तो शीर्ष पद के लिए कई दावेदार होने की संभावना है। 2000 के बाद से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ही भाजपा सरकार और संगठन का एकमात्र चेहरा रहे हैं।

तोमर को मुरैना की दिमनी विधानसभा सीट से मैदान में उतारा गया है। वह दो बार राज्य भाजपा प्रमुख रहे और तीन बार ग्वालियर और मुरैना लोकसभा सीटों से सांसद रहे। तोमर 2014 से नरेंद्र मोदी सरकार के दिग्गजों में से एक हैं, जिनके पास ग्रामीण विकास और पंचायती राज, खान, इस्पात, आवास और शहरी मामले, कृषि और किसान कल्याण जैसे प्रमुख विभाग हैं। वह 2003 से 2008 तक राज्य में कैबिनेट मंत्री रहे।

प्रह्लाद सिंह पटेल, जो दमोह से सांसद हैं, नरसिंगपुर विधानसभा सीट से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे, जिसका प्रतिनिधित्व वर्तमान में उनके भाई और दो बार के विधायक जालिम सिंह पटेल कर रहे हैं। प्रह्लाद बालाघाट और दमोह से पांच बार लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। 2004 में उन्हें छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस के दिग्गज नेता कमलनाथ के खिलाफ मैदान में उतारा गया था, जिसमें वह 63,708 वोटों से हार गये। मंडला से छह बार सांसद रहे कुलस्ते को निवास आदिवासी आरक्षित सीट से मैदान में उतारा गया है। उन्हें मध्यप्रदेश में बीजेपी का सबसे प्रमुख आदिवासी चेहरा माना जाता है।

भाजपा की दूसरी सूची पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमिटी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा- यह तथ्य कि उन्होंने लोकसभा से अपने दिग्गजों को चुना है, यह दर्शाता है कि उन्होंने पहले ही हार स्वीकार कर ली है। उन्होंने ट्वीट किया, 'मध्यप्रदेश में हार स्वीकार कर चुकी भाजपा ने आज उम्मीद का आखिरी झूठा दांव खेला है। भाजपा उम्मीदवारों की सूची भाजपा सरकार के 18.5 साल और शिवराज शासन के 15 साल से अधिक के विकास के दावों को खारिज करती है।'

यह सूची करोड़ों कार्यकर्ताओं का दावा करने वाली पार्टी की अंदरूनी हार पर पक्की मुहर है। यह सांसदों के विकास के 'खोखले दावों' की पोल खोलता है। उन्होंने कहा, 'भाजपा को यह अहसास होना चाहिए कि लोग सब कुछ जानते हैं, जनता उनसे 18 साल के कुशासन का हिसाब लेगी।'

चुनावी राज्य मध्यप्रदेश के दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर सबसे तीखा हमला बोला। पार्टी कार्यकर्ताओं की एक विशाल बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस की तुलना जंग लगे लोहे से की और कहा कि अगर वह विधानसभा चुनाव जीतती है तो वह मध्यप्रदेश को फिर से 'बीमारू' राज्य की श्रेणी (बिहार, मध्यप्रदेश, राजस्थान, और उत्तरप्रदेश) में ले जायेगी। कांग्रेस ने नारों से लेकर नीतियों तक, शहरी नक्सलियों तक सब कुछ आउटसोर्स कर दिया है, उन्होंने कहा।

छह महीने में मध्यप्रदेश के अपने सातवें दौरे पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि, कांग्रेस ने भारत के 'लोकतंत्र' को वंशवाद शासन में बदल दिया है। उन्होंने मतदाताओं से विकास को चुनने का आग्रह किया और कहा, 'जहां भी कांग्रेस गई है, उसने उस राज्य को नष्ट कर दिया है'।

भाजपा के पितामह पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आयोजित भाजपा रैली ने अपनी जन आशीर्वाद यात्रा के समापन का प्रतीक बनाया, जिसने राज्य के 230 विधानसभा क्षेत्रों में से 210 से होते हुए गुजरा।

विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक को 'घमंडिया गठबंधन' कहते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने महिला आरक्षण विधेयक का 'झिझक' के साथ समर्थन किया क्योंकि उनके पास कोई रास्ता नहीं था। 'उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि वे नारी शक्ति की शक्ति को समझती थीं। पिछले नौ वर्षों में महिलाएं सशक्त हुई हैं और इन दलों में महिला आरक्षण बिल का विरोध करने की हिम्मत नहीं थी। प्रधानमंत्री ने कहा, 'मोदी का मतलब है गारंटी को पूरा करने की गारंटी' इसलिए बिल पास हुआ।'

उन्होंने केंद्र में सत्ता में रहते हुए इस विधेयक को पारित नहीं होने देने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने लोगों को आगाह किया कि अगर 'मौका दिया गया' तो विपक्षी गठबंधन आसानी से इससे पीछे हट सकता है।

## पावन प्रसंग

# तन और मन दोनों को स्वस्थ रखने की आवश्यकता

व्यक्ति से समाज बनता है और समाज से राष्ट्र बनता है एक व्यक्ति का मस्तिष्क तथा शरीर यदि स्वस्थ रहे तो संपूर्ण समाज स्वस्थ रहेगा और इस तरह संपूर्ण राष्ट्र स्वस्थ रहेगा और स्वस्थ रहने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार पूरे देश में होगा। इस तरह राष्ट्र की प्रगति तथा विकास द्रुत गति से होने लगेगा, अतः स्वस्थ रहें और यह समझ लें कि स्वास्थ्य ही जीवन का सबसे बड़ा धन है।

मनुष्य यदि स्वस्थ नहीं रहेगा तो वह न तो परिवार व समाज में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है और न ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता है। तन के स्वस्थ रखने के साथ मन को स्वस्थ रखना होगा अन्यथा उसका जीवन निराश एवं कुंठा ग्रस्त रह सकता है। इसीलिए स्वास्थ्य को जीवन का अनमोल रत्न माना जाता है या यूं कहें कि स्वास्थ्य ही धन होता है इसीलिए भारत में 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान की शुरुआत की गई, जिसके माध्यम से लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना है जिससे स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत और सशक्त भारत का निर्माण हो सके। भारत को एक प्रगतिशील एवं मजबूत राष्ट्र बनाने की आवश्यकता है। इसी संदर्भ में भारत सरकार द्वारा एक महत्वाकांक्षी योजना बनाकर इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में पूरे भारत में प्रचार प्रसार कर पूरे भारतीय जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता के प्रति लगाव पैदा कर पूर्व संपूर्ण भारत को स्वस्थ बनाने का निश्चय लेकर आगे बढ़ना होगा। फिट इंडिया मूवमेंट आगामी कई वर्षों तक संचालित रहेगा स्वास्थ्य को लेकर अलग-अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा। शुरुआत शारीरिक फिटनेस से, फिर भोजन की आदतें, तीसरे वर्ष पर्यावरण अनुकूलता और जीवन शैली पर प्रभाव, फिर रोगों तथा बीमारियों को दूर करने के तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा।

स्वस्थ रहने से अनेक बीमारियां स्वतः दूर चली जाती हैं, एवं बीमारियों में होने वाले खर्च की बचत भी होती है। इसके अलावा स्वस्थ व्यक्ति की कार्य क्षमता अत्यधिक बढ़ जाती है। स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन राष्ट्रीय निर्माण में सहायक होता है। नियमित व्यायाम तथा योगा करने से हार्ट, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर आदि बीमारियों से बचा जा सकता है। हिंदुस्तान में हृदय रोग, डायबिटीज और ब्लड प्रेशर के लाखों मरीज हैं, और सबसे ज्यादा इलाज में इन्हीं लोगों में धनराशि खर्च की जाती है अतः जनमानस को स्वस्थ रखकर इन बीमारियों से दूर रखने के लिए भारत सरकार ने क्विट इंडिया मूवमेंट चला रखा है जिससे जनमानस का स्वास्थ्य अच्छा रहकर विकास तथा प्रगति की राह पर इनके योगदान को बढ़ाया जा सके। शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार व्यक्ति के जीवन में पारिवारिक व्यक्तिगत संबंधों एवं व्यवसाय तथा आर्थिक गतिविधियों एवं हर सामाजिक पहलू पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च को भी कम करके आप परिवार तथा समाज में सहायता प्रदान कर सकते हैं।

**संजीव ठाकुर**

## आपके पत्र

# बदल रहा है पीर पंजाल में पर्यटन का दौर

जब भी प्राकृतिक सुंदरता और पर्यटन की बात आती है तो लोगों के दिल और दिमाग में एकमात्र नाम कश्मीर की वादियों का आता है. इसमें कोई दो राय नहीं है कि कश्मीर को कुदरत ने अपने हाथों से संवारा है। लेकिन बहुत कम लोगों को मालूम है कि जम्मू के पुंछ और राजौरी के सीमावर्ती जिलों से लगे पीर पंजाल के खूबसूरत पहाड़ और इन पहाड़ों से गुजरने वाले ऐतिहासिक मुगल राजमार्ग भी किसी सुंदरता से कम नहीं है. स्थानीय स्तर पर इसे मिनी कश्मीर भी कहा जाता है। लेकिन इसके बावजूद इसे कभी भी वह दर्जा हासिल नहीं हुआ जो कश्मीर की वादियों को मिलता रहा है।

लेकिन 'सबका साथ, सबका विकास' के नारों ने अब समूचे परिदृश्य को बदलना शुरू कर दिया है। पिछले कई वर्षों से पर्यटन मानचित्र से गायब पीर पंजाल का क्षेत्र वर्तमान में पर्यटन विकास की राह पर चल पड़ा है। हाल ही में जम्मू-कश्मीर में संपन्न हुए जी 20 पर्यटन समूह की सफल बैठक के बाद पूरी दुनिया की निगाहें इस जन्नत-ए-बेनजीर की ओर बढ़ने लगी हैं, वहीं पीर पंजाल और चिनाब क्षेत्र में भी पर्यटकों का आगमन शुरू हो गया है। जिसका ताजा उदाहरण हाल के दिनों का है, जब पुंछ के जिला विकास आयुक्त ने पीर पंजाल क्षेत्र में ट्रैकिंग के नए क्षेत्रों और पर्यटक स्थलों की खोज के लिए इंडिया हाइक्स (ट्रैकर्स) की एक टीम भेजी है। वहीं इससे पहले स्थानीय युवाओं के एक ट्रैकिंग ग्रुप ने न केवल पीर पंजाल की ऊंची चोटियों का भ्रमण किया, बल्कि कुछ नए पर्यटक स्थलों की भी खोज की, जिससे पर्यटन की असीम संभावनाएं बढ़ गई हैं. इसके अलावा जम्मू के पुंछ और राजौरी जिलों में पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं जो सराहनीय हैं।

पीर पंजाल में कितने पर्यटक स्थल हैं या उनका इतिहास क्या है? इसकी सूची बनाने के लिए एक लंबे लेख की आवश्यकता होगी। मगर जम्मू-कश्मीर में जी 20 शिखर सम्मेलन ने इस पीर पंजाल क्षेत्र के लिए पर्यटन के कई सारे द्वार खोल दिए हैं। इस दिशा में जहां केंद्र सरकार की कई सारी नीतियां कारगर साबित हो रही हैं, वहीं इस केंद्रशासित प्रदेश के मुखिया एलजी मनोज सिन्हा की भूमिका भी सराहनीय है जो स्वयं इन क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने में विशेष रुचि ले रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में पुंछ के जिला विकास आयुक्त यासीन मुहम्मद चौधरी और पुंछ विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. मुहम्मद तनवीर भी सम्मान और बधाई के पात्र हैं। जिनकी देखरेख में न केवल पूरे जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, बल्कि पुंछ जिले के अंतर्गत आने वाली तहसील मंडी के पांच गांवों को पर्यटन गांव भी घोषित किया गया है। इसके अलावा पुंछ जिले की प्रसिद्ध नदी सुरन नदी में पहली बार राफ्टिंग की पहल, जाभी में लोक उत्सव का आयोजन, विभिन्न स्थानों पर ट्रैकिंग, पुंछ और मंडी में कई जगहों पर सेल्फी पॉइंट की स्थापना, सीमा पर बसे गांव अजोट में सेना द्वारा 70 फीट ऊंचा तिरंगा का फहराना और विशेष पर्यटन हॉट स्पॉट बनाने की योजना तैयार करना जैसे सराहनीय पहल शामिल हैं।

आने वाले दिनों में हम पीर पंजाल के पर्यटन क्षेत्र में और अधिक विकास की बहार देखेंगे। बहरहाल, इससे उम्मीद की जा सकती है कि निश्चित रूप से आने वाले कुछ वर्षों में पीर पंजाल के क्षेत्र में न केवल विकास होगा बल्कि रोजगार के नए अध्याय भी खुलेंगे जो यहां के बेरोजगार युवाओं के लिए आजीविका का साधन भी बनेंगे। जरूरत इस बात की है कि पीर पंजाल में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने में जरा भी लापरवाही न बरती जाए, क्योंकि पहले ही बहुत देर हो चुकी है।

**सैयद अनीस उल हक, पुंछ, जम्मू**

## बेतवा- पार्वती अंचल

### सार-समाचार

### नपा की बैठक में नामांतरण के 116 प्रकरण निपटाए



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद में गत दिवस बैठक के दौरान 116 नामांतरण के प्रकरण निपटाए गए। बैठक की अध्यक्षता पार्षद एवं नामांतरण विभाग प्रभारी संतोषी जितेंद्र मीणा ने की। जबकि नपा में सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। अब सोमवार के दिन नामांतरण प्रमाण पत्रों का वितरण किया जाएगा। ज्ञात हो कि नपा परिषद द्वारा नागरिकों के नपा संबंधित कार्यों को सहजता और सुगमता के साथ जल्द से जल्द निपटाने का प्रयास किया जाता है। नामांतरण प्रकरणों में भी नागरिकों को परेशान नहीं होना पड़ रहा है और बिना किसी झंझट दिक्कत के उनके नामांतरण हो रहे हैं। इस बैठक में पार्षद मूलचंद अहिरवार, मनीष विश्वकर्मा, सुनील साहू आदि भी मौजूद रहे।

### वनभूमि पर अतिक्रमण करते वन अमले ने पकड़ा ट्रैक्टर


**सिरोंज, देशबन्धु।** वन परिक्षेत्र अंतर्गत घुटुआ बीट के घुटुआ टोकरा रोड के पास वन अमले द्वारा मुखबिर की सूचना पर मध्यरात्रि में दबिश देकर वनभूमि पर अतिक्रमण करते हुऐ एक ट्रेक्टर सहित पंजा जप्त कर वन विभाग द्वारा रेंजर देवेश गौतम के निर्देशानुसार ट्रेक्टर एवं पंजा को वन विभाग लाये और वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण कायम किया गया। कार्यवाही में वन पाल राकेश मोरे, गौरव सिंघल, मोहन सिंह विश्वकर्मा, प्रमोद कुशवाह सहित वन अमला शामिल रहा।

### खान बने देवपुर उप ब्लॉक के यूथ कांग्रेस अध्यक्ष

**सिरोंज, देशबन्धु।** युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष वैभव भारद्वाज द्वारा युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया, राधौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह की अनुशंसा से यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव म.प्र युवा कांग्रेस के प्रभारी अखलेश यादव, सहप्रभारी मानसिंह राठौर, युवा कांग्रेस के प्रदेश संगठन प्रभारी प्रंशात पाराशर, जिला सहप्रभारी लोकेन्द्र शर्मा आदि की सहमति से शाहरूख खान को देवपुर उप ब्लॉक का युवा कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया। शाहरूख के यूथ अध्यक्ष बनने से युवा कांग्रेस कार्यकताओं में हर्ष व्याप्त है और वरिष्ठ नेतृत्व का आभार जताया।

# रेल मंत्री से विधायक शर्मा ने मांगी रेल लाइन की स्वीकृति

▶ बीना ब्यावरा एवं गुना भोपाल रेल मार्ग के सर्वे एवं स्वीकृति के लिए सौंपे आवेदन



**सिरोंज, देशबन्धु।** सिरोंज- लटेरी विधानसभा क्षेत्र में रेलवे लाइन के लिए प्रयासरत क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने मंगलवार को भोपाल में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट की। रेलमंत्री से मुलाकात के दौरान उन्होंने सिरोंज लटेरी से रेल मार्ग की स्वीकृति के लिए बीना से ब्यावरा व्हाया कुरवाई- सिरोंज-लटेरी- मकसूदनगढ़-सुठालिया एवं गुना से भोपाल व्हाया आरोन सिरोंज महानीम बैरसिया के सर्वे एवं स्वीकृति के लिए दो प्रारूप में पत्र प्रस्तुत किए। इस दौरान उन्होंने पूर्व मंत्री स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा के प्रयासों से विगत समय में रेल मंत्रालय द्वारा करवाए गए सर्वे से भी रेल मंत्री को अवगत करवाया। मांग पत्र में विधायक शर्मा ने प्रमुख रूप से बीना के पास हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रिफायनरी के विस्तार का हवाला देते हुए कहा है कि बुंदेलखंड से मालवा एवं राजस्थान को जोड़ने में यह मार्ग मील का पत्थर साबित होगा। इसमें मक्सी ब्यावरा जंक्शन के बीना सागर क्षेत्र के जुड़ने से परिवहन दूरी एवं लागत कम होने के साथ ही औद्योगिक कॉरिडोर विकसित होने की संभावना बढ़ जाएंगी तथा स्थानीय अंचल में खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित उद्योगों की स्थापना होने के साथ साथ रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने मालवा निमाड़, बुंदेलखंड क्षेत्र के इस ओर रेल सुविधा के जुड़ने से होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत चर्चा की। रेलमंत्री ने भी गंभीरता से पूरे तथ्यात्मक बिंदुओं को सुनने के साथ सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर सिरोंज की संस्कृति के अनुरूप विधायक शर्मा ने रेल मंत्री वैष्णव का उत्तरीय उढ़ाकर सम्मान करते हुए श्री गणेश मंदिर गणेश की अथाईं की प्रसादी भेंट की। उन्होंने पत्र में रेल सुविधा की उपलब्धता के संदर्भ में पूर्व में भी किए गए पत्राचार का भी हवाला दिया।

उल्लेखनीय है कि अश्विन वैष्णव के केंद्रीय रेल मंत्री बनने के बाद से क्षेत्र में रेल लाइन के लिए पूर्व में हुए सर्वे के अतिरिक्त पुन: सकारात्मक सर्वे करवाने एवं बजट में राशि स्वीकृत के लिए प्रयासरत उमाकान्त शर्मा, क्षेत्रीय सांसद राजबहादुर सिंह के माध्यम से भी रेल लाइन हेतु मांग पत्र सौंप चुके है। पिछले अनेक महीनों से रेल मंत्री से मुलाकात के लिए विधायक शर्मा प्रयासरत थे। वर्तमान में विधानसभा चुनाव के सहप्रभारी होने के कारण इन दिनों भोपाल प्रवास पर पहुंचे रेल मंत्री ने विधायक शर्मा को अपनी बात रखने का समय दिया।

केन्द्रीय स्वास्थ्य संयुक्त सचिव ने किया नि:शुल्क स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ

# पौष्टिक भोजन और स्वस्थ्य दिनचर्या अपनाना चाहिए: चौहान



**रायसेन, देशबन्धु।** जिले के औबेदुल्लागंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आयुष्मान भव: अभियान अंतर्गत आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य मेला का भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव विशाल चौहान द्वारा दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित नागरिकों से कहा कि आयुष्मान भव अभियान के तहत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर्स तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में नि:शुल्क मेले आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें विभिन्न प्रकार की बीमारियों की जांच तथा उपचार किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यहां आयोजित स्वास्थ्य मेले में भी चिकित्सकों तथा उनकी टीम द्वारा बीपी, डाईबिटीज, टीबी, एनीमिया सहित अनेक प्रकार की जांचे नि:शुल्क की जा रही हैं तथा स्वास्थ्य परामर्श और उपचार भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तीस वर्ष तथा उससे अधिक आयु के व्यक्ति को बीपी की जांच अनिवार्य रूप से करानी चाहिए। साथ ही पौष्टिक भोजन और स्वस्थ्य दिनचर्या अपनाना चाहिए।

इस स्वास्थ्य मेले में टीबी की भी जांच की जा रही है। टीबी रोग का सम्पूर्ण इलाज 06 महीने में संभव है। संयुक्त सचिव चौहान ने कहा कि आयुष्मान भारत निरामयम् योजना के तहत देश में 25 करोड़ कार्ड बन चुके हैं। मध्यप्रदेश में ही एक करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड बन गए हैं। उन्होंने नागरिकों को बताया कि एप के माध्यम से भी आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं, आयुष्मान आपके द्वार अभियान भी चलाया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों को अंगदान करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि मृत्यु उपरांत अंग दान कर हम दूसरों को नया जीवन दे सकते हैं। अंगदान करने से मृत्यु उपरांत किडनी, लिवर, दिल, ऑखे आदि अंग प्रत्यारोपण में सहयोगी बन सकते हैं। कार्यक्रम में औबेदुल्लागंज नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे ने भी संबोधित किया। सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री द्वारा आयुष्मान भव: अभियान के तहत आयुष्मान आपके द्वार, आयुष्मान मेला, आयुष्मान सभा सहित आयोजित की जा रहीं गतिविधियों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे, उप संचालक स्वास्थ्य विभाग मप्र शासन डॉ मनीष सिंह, डीपीएम श्रीमती शिखा सरागवी सहित चिकित्सक और अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### अंगदान की ली गई प्रतिज्ञा

स्वास्थ्य मेले में संयुक्त सचिव श्री चौहान द्वारा उपस्थित अधिकारियों, चिकित्सकों तथा नागरिकों को प्रतिज्ञा दिलाई कि अपने ऐसे अंगों और उतकों को जिनका उपयोग मेरी मृत्यु पश्चात किसी को नया जीवन देने के लिए किया जा सकता है, उसका दान करेंगे। देश में प्रत्यारोपण के लिए अंगों और उतकों की कमी को देखते हुए अपने परिवार, मित्रों और देशवासियों को भी अपने अंग तथा उतक दान करने के लिए प्रेरित करने की भी शपथ दिलाई गई।

## चित्रगुप्त मंदिर में सत्संग भवन का विधायक ने किया लोकार्पण



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** देवनगरी बेहलोट स्थित चित्रगुप्त मंदिर में नवनिर्मित सत्संग भवन का लोकार्पण कार्यक्रम बुधवार को संपन्न हुआ। जिसमें क्षेत्रीय विधायक लीना जैन मुख्य अतिथि, कायस्थ समाज के वरिष्ठ जगदीश बिहारी माथुर विशेष अतिथि, सरपंच अशोक कुशवाहा विशेष अतिथि एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी राजेश माथुर के द्वारा की गई।

लोकार्पण कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम विधायक एवं आमंत्रित अतिथियों द्वारा भवन के मुख्य द्वार पर फीता काटकर लोकार्पण किया गया। इसके पश्चात भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना की गई। मंचीय कार्यक्रम में कायस्थ विकास कल्याण समिति के पदाधिकारी एवं महिला मंडल के द्वारा अतिथियों का पुष्प गुच्छ, पुष्प हार व शाल श्रीफल से स्वागत व सम्मान किया एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर विधायक ने गणेश उत्सव, पर्युषण पर्व एवं भवन के लोकार्पण की कायस्थ समाज को बधाइयां एवं शुभकामनाएं प्रेषित की तथा पर्युषण पर्व के चलते सभी से उत्तम क्षमा मांगी। वरिष्ठ समाजसेवी राजेश माथुर ने अपने उद्बोधन में भाजपा सरकार द्वारा महिला आरक्षण बिल संसद में पेश किए जाने और इसे पास हो जाने पर उपस्थित सभी मातृशक्ति को बधाइयां दी। आपको बता दे कि सत्संग भवन का निर्माण विधायक निधि से किया गया है जिसका निर्माण कार्य विकास 2 वर्षों से चल रहा था जो की पूर्ण हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में का समाज बंधु उपस्थित रहे।

## दिगम्बर जैन पंचायत ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**सिरोंज, देशबन्धु।** बुधवार को श्री दिगम्बर जैन पंचायत नसिया ट्रस्ट के प्रतिनिधिमंडल द्वारा एक ज्ञापन एसडीएम हर्षल चौधरी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर म.प्र अल्पसंख्यक आयोग में जैन समुदाय को अध्यक्ष/सदस्य की नियुक्ति करने, प्रदेश में जैन धर्म एवं संस्कृति के संरक्षण हेतु आयोग/बोर्ड का गठन करने और गोम्मटगिरी तीर्थक्षेत्र इंदौर को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि 1981 में तत्तकालीन मुख्यमंत्री द्वारा भगवान बाहुबली दिगंबर जैन ट्रस्ट को 12.49 एकड़ भूमि जम्बुरेडी हप्सी में आवंटित की गई थी। शासन द्वारा ट्रस्ट से 1981 से 2043 तक का प्रीमियम एवं भू-भाटक शासकीय कोषालय में अधिकारियों द्वारा विभिन्नि चालानों के माध्यम से विभिन्न वर्षो में जमा कराया गया है। उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में रिट पीटिशन में 30 अगस्त 2022 को हाईकोर्ट ने अपने आदेश में दो माह के अंदर कलेक्टर अनुविभागीय अधिकारी हालोट एवं तहसीलदार हालोट को लीज डीड रजिस्टर करने का आदेश दिया है। आज तक इंदौर कलेक्टर द्वारा आदेश का पालन नहीं किया गया और 1983 में म.प्र शासन द्वारा नैनोद एवं बड़ा बांगरदा में 53.11 एकड़ भूमि आवंटित की गई और 1983 से 2041 तक प्रीमियम एवं भू भाटक हरवर्ष शासकीय कोषालय में हर वर्ष विभिन्न अधिकारियों द्वारा विभिन्न चालानों के माध्यम से जमा कराया गया। 19 जुलाई 2022 को दो माह में लीज डीड का नवीनीकरण करने आदेश दिया गया। पालन नहीं किया गया। ज्ञापन में बताया कि इंदौर कलेक्टर इंदौर ट्रस्ट पर दबाब डाल रहे है कि 53.11 एकड़ भूमि जो लीज पर मिली है उसे अतिक्रमणकारियों को दे दो। ज्ञापन में मख्यमंत्री से मांग कि इंदौर कलेक्टर को आदेष दे कि लीज डीड का नवीनीकरण करे, पंजीयन करें। इस दौरान जिनेन्द्र जैन, सुनील जैन, नेमीचंद जैन आदि सदस्यगण मौजूद थे।

## भजन संध्या में बाम्बे के कलाकारों ने दी प्रस्तुति




**सिरोंज, देशबन्धु।** श्री गणेश उत्सव समिति के तत्वाधान में मंगलवार रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया गया। नगर के मुख्य कपड़ा बाजार में आयोजित भजन संध्या में मुम्बई के मां वैष्णव जागरण ग्रुप की प्रसिद्ध भजन गायिका पद्मा साहू, अजय व नटवर शास्त्री ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। रात करीब 10.30 बजे शुरू हुए जागरण में भजनों एवं नृत्य नाटिकाओं का दौर अलसबेरे तक चलता रहा। गणेश उत्सव समिति के तत्वावधान में गणेश की अथाई पर आयोजित होने वाली भजन संध्या के रूप को विस्तृत करते हुए विगत वर्षों से नगर के मुख्य बाजार में जागरण कार्यक्रम समिति द्वारा करवाया जाने लगा है। इसी श्रंखला में मुम्बई से यहां पहुंचे कलाकारों का परिचय नटवर शास्त्री ने श्रोताओं से करवाया। इसके पूर्व एसडीम हर्षल चौधरी एवं एसडीओपी उमेश तिवारी, समिति के अध्यक्ष कृष्ण बिहारी पांडे एवं सदस्यों ने मां सरस्वती एवं गणेशजी के चित्रों ओर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर जागरण का शुभारंभ किया। इसके बाद गायक अजय ने जय गणेश देवा- जय गणेश देवा, दुनिया में देव हजारों है बजरंग बली का क्या कहना, चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है, हारे का सहारा खाटू श्याम हमारा जैसे प्रसिद्ध भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु रात भर भजनों का आनंद लेते रहे। गायिका पद्मा साहू ने पार्वती का लाल मेरा गणपति बब्बा, वीर हनुमाना अति बलवाना, माई सबसे बड़ी है तू, मुझे चढ़ गया भगवा रंग , राम राम रटियो रे प्रभु मन बसियो रे जैसे भजन गा कर श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी। पूर्व जनसंपर्क मंत्री स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा गणेश मंदिर गणेश की अथाई के पुजारी परिवार से ही आते थे। वर्तमान सिरोंज विधायक उमाकान्त शर्मा उनके छोटे भाई है। गणेश उत्सव समिति के तत्वधान में झांकी लगाना और चल समारोह निकालने की शुरुआत स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा ने ही की थी। 10 दिवसीय उत्सव के दौरान लोक गायन कीगड़ी, स्कूली छात्रों की देश भक्ति गीत प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, गणेश जन्म कथा जैसे सांस्कृतिक आयोजन होते है। अनंत चतुर्दशी पर नगर में भव्य चल समारोह निकाला जाता है ।

## अवैध स्टीमर चलने पर होगी कार्रवाई, 1 घंटे तक बीच मझधार में फंसे रहे ग्रामीण

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले के अंबाह थाना अंतर्गत उसेद घाट से पहले बीच मझधार में मंगलवार को पिनाहट की ओर से आ रही स्टीमर निर्माण कार्य के चलते तकनीकी खराबी आने के कारण फस गई और बीच नदी में 1 घंटे तक लगभग डेढ़ सौ यात्रियों की जान खतरे में पड़ी रही। इस घटना के बाद एसडीएम अंबाह द्वारा स्टीमर को जप्त कर लिया गया और उसे बंद कर दिया गया है, जिससे दूसरे दिन बुधवार को स्टीमर के रास्ते उत्तर प्रदेश जाने वाले ग्रामीणों को वापस लौटना पड़ा। बताया जाता है कि यह स्टीमर उत्तर प्रदेश का था इसके चलते बुधवार को पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सईएन हेमंत प्रताप सिंह द्वारा निर्माण कार्य के दौरान जहां स्टीमर फंसा हुआ था, उस घटनास्थल का निरीक्षण किया और मीडिया से चर्चा की। अधिकारी द्वारा वहां उपस्थित अधीनस्थों से जानकारी लेने के पश्चात ठेकेदार को जमकर फटकार लगाते हुए कहा कि निर्माण के दौरान यह सब चीजों को देखना चाहिए। उन्होंने बताया कि स्टीमर में एक बार में अधिक से अधिक 75 सवारियां ही ले जा सकते हैं और इससे अधिक सवारियां न भरें। सवारियों को जैकेट अनिवार्य होना चाहिए, स्टीमर के चारों तरफ 2 फीट जाली सुरक्षा के लिए आवश्यक रूप से लगाना ह। बताया जाता है कि अंबाह एसडीएम द्वारा इस घटना के पश्चात स्टीमर को जप्त कर लिया गया तथा फिलहाल स्टीमर का संचालन बंद कर दिया गया है।

### देवगढ़ पुलिस ने बदमाश के कब्जे से 10 अवैध कट्टे, चोरी की बाइक की बरामद

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले भर में विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस कप्तान शैलेंद्र सिंह चौहान द्वारा अपराधों पर नियंत्रण एवं आसामाजिक तत्वों, शराब माफियाओं एवं बदमाशों की धरपकड़ के लिए चलाई जा रही मुहिम के तहत देवगढ़ थाना पुलिस ने एक बदमाश के कब्जे से 10 अवैध कट्टा, चार जिंदा राउंड, एक चोरी की मोटरसाइकिल जप्त करने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार देवगढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक बदमाश अवैध कट्टा लेकर चोरी की मोटरसाइकिल से दीदोखर की तरफ जा रहा है, जिस पर से थाना प्रभारी अरुण सिंह कुशवाह ने एएसआई मुकेश सिंह राजावत, राकेश गोयल, भारत सिंह, गुंटूर राम, अनूप सिंह, गजेंद्र सिंह, चंद्रवीर सिंह, भारत परमार आदि पुलिस बल को लेकर डिडोकर की नहर पर पहुंच कर घेराबंदी की तो एक बाइक सवार युवक को पडक़र तलाशी ली गई। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर बदमाश के कब्जे से 315 बोर के 10 अवैध कट्टा, चार जिंदा राउंड बरामद किए गए। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम गोलू उर्फ गुर्जर पुत्र सुरेश खटीक निवासी इस्लामपुर मुरैना बताया। देवगढ़ थाना पुलिस द्वारा आरोपी से अवैध हथियार एवं चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर मामला दर्ज किया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

# कलेक्टर की गाड़ी फंसी तो 6 लोगों पर कार्रवाई

▶ आम जनता को यहां रोज परेशानी पर नहीं होती सुनवाई



**मुरैना, देशबन्धु।** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आगरा मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित टोल प्लाजा पर बुधवार की सुबह टोल प्लाजा कर्मचारियों की लापरवाही के कारण जाम लग गया और इस जाम में मुरैना जिला कलेक्टर की गाड़ी फंस गई। कलेक्टर के फोन पर पुलिस आई और 6 कर्मचारियों को पड़कर थाने ले गई तथा उन पर 151 की कायमी कर डाली।

शहर की जनता हो या फिर आगरा मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों तरफ से आने वाली जनता हो, वह टोल प्लाजा पर सुबह शाम जाम का शिकार होती है, लेकिन तब कोई सुनने वाला नहीं होता, लेकिन कलेक्टर की गाड़ी फंस गई तो उसे पर तत्काल कार्रवाई हो जाती है, यह सिस्टम है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह ग्वालियर रोड स्थित टोल प्लाजा पर जाम के चलते जिला कलेक्टर का वाहन फंस गया, जिसमें स्वयं कलेक्टर उपस्थित थे। बताया जाता है कि काफी देर जाम में फंसे होने के बाद उन्होंने तत्काल किसी को फोन किया और सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई तथा पुलिस ने वहां से टोल प्लाजा के 6 कर्मचारियों को उठा लिया और थाने में ले जाकर बंद कर दिया। पुलिस ने इन कर्मचारियों के विरुद्ध 151 की कायमी कर दी, इसके बाद यातायात बहाल हो सका।

इस मामले में थाना प्रभारी वीरेश सिंह का कहना है कि जब कलेक्टर अंकित अस्थाना ग्वालियर से मुरैना आ रहे थे, तब टोल प्लाजा पर कर्मचारी किसी वाहन वाले से झगड़ा कर रहे थे और जिस कारण जाम लग गया तथा कलेक्टर की गाड़ी फस गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा कर्मचारी को गिरफ्तार कर उन पर कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय बात यह है कि टोल प्लाजा पर सुबह एवं शाम के समय कर्मचारियों की लापरवाही के कारण जाम लगता है और एक-एक घंटे लाइन लगी रहती है, जिससे ग्वालियर एवं आगरा की तरफ से आने जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जबकि अब तो फास्टटैग सेवा उपलब्ध है, उसके बावजूद लाइन खाली नहीं रहती। यही नहीं मुरैना शहर में भी ट्रैफिक जाम की स्थिति काफी खतरनाक हो चुकी है और सुबह से लेकर शाम तक लगभग 12-14 घंटे आम जनता को जाम एवं ट्रैफिक से परेशान होना पड़ता है, लेकिन जिला कलेक्टर हो या पुलिस अधीक्षक शहर की बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था एवं जाम की स्थिति से निपटने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाते।

### मामूली विवाद पर युवक को गोली मारकर किया घायल

**मुरैना, देशबन्धु।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के जोरी गांव में मंगलवार की देर रात तीन आरोपियों ने मामूली बात पर युवक को अवैध हथियार से गोली मारकर घायल कर दिया, जिसे उपचार हेतु ग्वालियर रेफर किया गया है। पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी वीरेश सिंह कुशवाह ने बताया कि छोटू राठौर नामक युवक मंगलवार की रात 11 बजे के लगभग अपने घर जा रहा था, तभी आरोपी माखन राठौर, संदीप राठौर एवं एक अन्य द्वारा गाली गलौज की गई। युवक द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने उसे अवैध हथियार से गोली मार दी, जो उसकी कमर में आगे की ओर लगी और वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। गली की आवाज सुनकर परिजन एवं पड़ोसी मौके पर आ गए तथा आरोपी वहां से भाग खड़े हुए।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### मुख्यमंत्री कल हरदा में विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन करेंगे



**हरदा, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का 29 सितम्बर को जिले का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री चौहान नेहरू स्टेडियम हरदा में आयोजित कृषक सम्मेलन में 3855 करोड़ 59 लाख रूपये की लागत के कुल 88 विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री चौहान 12 करोड़ 33 लाख रूपये के कुल 33 कार्यों का लोकार्पण भी करेंगे। इनमें हरदा विधानसभा के 63 विकास कार्यों का भूमिपूजन व 28 कार्यों का लोकार्पण तथा टिमरनी विधानसभा के कुल 25 विकास कार्यों का भूमिपूजन व 5 कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

### आबकारी दल ने अवैध शराब विक्रय के खिलाफ की कार्रवाई

**हरदा, देशबन्धु।** आबकारी विभाग के दल ने मंगलवार को अवैध शराब के विक्रय, परिवहन एवं संग्रहण के विरूद्ध कार्रवाई की। जिला आबकारी अधिकारी रीतेश कुमार लाल ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने वृत हरदा के ग्राम कुकरावद स्थित जेएमडी ढाबा, इंडियन ढाबा, ग्राम बम्हनगांव, कनारदा, गहाल, कमताड़ा तथा खेडीपुरा मोहल्ला में दबिश दी। इस दौरान कुल 14 पाव अंग्रेजी शराब, 25 पाव देशी मदिरा प्लेन, 16 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 560 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम तहत कुल 6 प्रकरण दर्ज किये। जप्त किये गये माल का बाजार मूल्य 62365 रुपये है।

### मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

**मुलताई, देशबन्धु।** प्रभात पट्टन ब्लाक के ग्राम बिरूल बाजार मे मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा बुधवार सेक्टर क्रमांक 3 की बैठक का आयोजन ग्राम पंचायत भवन में किया गया। जिसमें सेक्टर की प्रस्फुटन समितियों के सदस्य एमएसडब्ल्यू और बीएसडब्ल्यू के छात्र एवं नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि शामिल हुए।बैठक में स्वीप प्लान अंतर्गत प्रत्येक ग्राम में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत दीवार लेखन , रैली , बैठक , चौपाल का आयोजन करने के निर्देश विकासखंड समन्वयक राधा बरोदे द्वारा दिये गए। इसके अलावा 1 अक्टूबर से शुरू हो रहे स्वच्छता अभियान की जानकारी भी दी गयी। सभी को इस कार्य मे सहयोग करने हेतू कहा गया। साथ ही अन्य शासकीय योजनाओं की जानकारी भी दी गई। उक्त बैठक में ग्राम पंचायत बिरुल बाजार से सरपंच जीवन बनकर, सचिव देवीदास पाटील , रोजगार सहायक सरिता दोड़के के अलावा नवांकुर प्रतिनिधि कमलेश आधवारे, प्रस्फुटन समिति से रेशमा खान, श्याम बनकर एवं प्रस्फुटन समितियों के सदस्य, छात्र एवं ग्रामवासियों उपस्थित रहे।

### विधानसभा चुनाव को लेकर 3 तहसीलों के कोटवारों की ली बैठक

**मुलताई, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शासन प्रशासन द्वारा तैयारी तेज कर दी गई है। लगातार प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही है। चुनाव शांतिपूर्ण और व्यवस्थित संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सबसे छोटी इकाई ग्राम कोटवार होते हैं। जिन्हें प्रशिक्षण दिया जाना आवश्यक है। इसी को देखते हुए बुधवार नगर के बैतूल रोड पर स्थित अरिहंत लॉन में मुलताई, प्रभात पट्टन और आमला तहसील के 500 से अधिक कोटवारों की बैठक बुलाई गई। जिसमें चुनाव से संबंधित उनकी जिम्मेदारियां और उनकी भूमिका पर प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुलताई एसडीओपी सुरेश पाल सिंह एवं तहसीलदार अनामिका सिंह उपस्थिति रही।

### शाकाहारी बनने किया जागरूक

**मुलताई, देशबन्धु।** मां ताप्ती के पावन तट पर स्थित दसवां घाट के समीप किराड़ समाज मंगल भवन में बाबा जय गुरुदेव संगत द्वारा जय गुरुदेव नाम प्रभु का सत्संग कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुलताई सहित आसपास क्षेत्र से करीब 200 से ज्यादा भक्तगण शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य रूप से इंदौर से पधारे प्रवक्ता महेश कुशवाहा ने मांसाहार छोड़कर शाकाहारी बनने के संबंध में उपस्थित जनों को जानकारी दी।

# सीएमओ की समझाइश के बाद काम पर लौटे सफाई कर्मचारी

▶ 8 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर पालिका के सफाई कर्मचारी बुधवार सुबह से ही अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए थे। इसके बाद नगर पालिका पहुंचे मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर के इवनाती एवं पूर्व स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर अनीश नायर की समझाइश के बाद कर्मचारी काम पर लौट गए। फिलहाल हड़ताल टाल दी गई है। कर्मचारियों के संगठन अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन एवं अखिल भारतीय सफाई मजदूर यूनियन दोनों ही संगठनों ने अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर मुख्य सचिव नगरीय प्रशासन भोपाल के नाम ज्ञापन नगर पालिका अधिकारी आरके इवनाती को सौंप, सफाई कर्मचारियों से संबंधित समस्याओं के समाधान की मांग की गई। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि समय-समय पर हमारे द्वारा पूर्व में भी मांग पत्र प्रस्तुत किये गये है, शासन द्वारा चर्चायें तो की गई है, परन्तु शासन द्वारा मांगों का निराकरण नही किया गया। जिससे कि सफाई कर्मचारियों में अत्यधिक रोष व्याप्त है। कर्मचारी के 8 सूत्रीय मांगों में प्रमुख मांग यह है कि मध्य प्रदेश की समस्त नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषदों में सफाई कार्य में ठेका प्रथा को पूर्णता समाप्त कर स्थाई भर्ती की जाए। प्रदेश के सफाईदार कर्मचारियों द्वारा सेवाकाल में रहते हुये मेडिकल के आधार पर स्वेच्छिक सेवा निवृत्ति लेकर उनके परिवार के किसी एक सदस्य को सफाईदार पद या योग्यता अनुसार उसकी नियुक्ति दी जाये। समस्त नगर निगमों, नगर पालिकाओं एवं नगर परिषदों में सफाई कामगार के पद से रोस्टर प्रणाली को मुक्त कर नियम में शिथिलता की जाये। सफाईदार वर्ग के कर्मचारी जो अन्य पदों पर कार्यरत है, जैसे वाहन चालक, सुपरवाईजर फायर, हेल्पर, इत्यादि उनके पद नाम के साथ समान पद, समान वेतन का लाभ दिया जाए। सफाई कर्मचारियों पिता/पति/पत्नि में से सेवा में रहते हुए आकास्मिक मृत्यु होती है, तो उस परिवार के किसी एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाए शामिल है। ज्ञापन सौंपने वालों में वर्षा सोनटके, योगेश रनसुरे, प्रमिला चावरिया, आशा रगड़े आदि प्रमुख थे।

# मातृत्व स्वास्थ्य योजना: वितरित किए आशा प्रोत्साहन राशि प्रपत्र

**बैतूल, देशबन्धु।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंगलवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में मातृत्व स्वास्थ्य योजना अंतर्गत आशा प्रोत्साहन राशि प्रपत्र शहरी आशाओं को वितरित किए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.रविकांत उइके ने बताया कि प्रपत्र में आशाओं को दी जाने वाली जननी सुरक्षा योजना, गर्भावस्था का शीघ्र पंजीयन, ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस, रक्ताल्पता से ग्रषित गर्भवती महिला को रक्त चढ़ाने हेतु स्वास्थ्य केन्द्र तक लाने पर दी जाने वाली राशि, सुरक्षित गर्भपात हेतु महिला को स्वास्थ्य केन्द्र तक लाने हेतु दी जाने वाली राशि एवं प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान हेतु दी जाने वाली राशि प्रदर्शित है। प्रपत्र अंतरा फाउंडेशन के सहयोग से प्रदाय किये जा रहे हैं।

प्रपत्र वितरण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रविकांत उइके, सिविल सर्जन डॉ.अशोक बारंगा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मनोज हुरमाड़े, डीसीएम श्री कमलेश मसीह एवं अंतरा फाउंडेशन प्रतिनिधि द्वारा किए गए।

### स्वास्थ्य केन्द्रों का सीएमएचओ ने किया निरीक्षण, सफाई बेहतर रखने के लिए निर्देश

**बैतूल, देशबन्धु।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.रविकांत उइके ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेहरा, आठनेर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ.मनोज हुरमाड़े उपस्थित रहे। सीएमएचओ डॉ.उइके ने ओपीडी, जनरल वार्ड, पीएनसी वार्ड का निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टाफ की जानकारी ली एवं खंड चिकित्सा अधिकारी सेहरा को अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने हेतु निर्देश दिए। सीएमएचओ द्वारा 27 सितम्बर को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दुनावा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर की साफ-सफाई रखने एवं निर्धारित मुख्यालय पर रहते हुये स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया।

## पिता की पुण्यतिथि पर किया पौधरोपण



**हरदा, देशबन्धु।** पर्यावरण संरक्षण में पौधरोपण का बड़ा महत्व है वहीं इस कार्य में भावनात्मक जुड़ाव हो तो पौधरोपण के साथ साथ संरक्षण के प्रति भी जागरूकता रहती है। बुधवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पत्रकार रोहित तिवारी ने अपने पिता स्व.कृष्णचंद्र तिवारी की पंचम पुण्यतिथि पर चंपा,मोगरा,रजनीगंधा सहित खुशबूदार पौधे लगाए। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित डीईओ एलएन प्रजापति ने कहा कि सभी के सहयोग से कार्यालय परिसर को सुंदर बनाने का प्रयास किया है। हमने अभी तक 259 दिनों में लगभग 1000 पौधे रोपे है, आगामी कुछ दिनों में सभी सुंदर पल्लवित होंगे। पर्यावरण संरक्षण करने हेतु यह हमारा प्रयास है इस कार्य में सभी का अतुलनीय सहयोग रहा है। इस मौके पर सहायक संचालक शिक्षा विभाग डीएस रघुवंशी ने बताया कि परिसर को सुंदर बनाने में डीईओ सर के कुशल निर्देशन में सुंदर उद्यान तैयार किया है। उन्होंने वहां लगाए गए पौधो की जानकारी भी दी। पत्रकार रोहित तिवारी ने कहा कि पिताजी की पुण्यतिथि पर हमारे द्वारा पौधे लगाकर विशेष रूप से संरक्षण भी किया जाता है। इस अवसर पर शिक्षक दीपक शुक्ला,शैलेंद्र शुक्ला,समाजसेवी शांति जैसानी,अखिलेश पाराशर,जिला क्रीड़ा अधिकारी रामनिवास जाट सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# खदान के भूमिपूजन को लेकर सांसद-विधायक ने की वेकोलि के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक

▶ भूमिपूजन के कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री और कोयला मंत्री हो सकते हैं शामिल



**सारनी, देशबन्धु।** वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा की और गांधीग्राम भूमिगत खदान का भूमि पूजन कब होगा इसको लेकर वेकोलि के उच्च अधिकारियों की बैठक पाथाखेड़ा में मंगलवार को संपन्न हुई। क्षेत्र की यह बहुप्रतीक्षित खदानें है। पाथाखेडा के रेस्ट हाउस में हुई इस बैठक में जिला कलेक्टर अमनबीर सिंह बैस, क्षेत्र के सांसद दुर्गा दास उईके,आमला विधायक डा योगेश पंडाग्रे, वेकोलि के महाप्रबंधक महापात्रा उपस्थित रहे। बैठक के दौरान क्षेत्र के सांसद दुर्गादास उइके द्वारा वेकोलि के सीएमडी मनोज कुमार से दूरभाष पर चर्चा कर खादानों के भूमिपूजन पर विस्तार से चर्चा कर जल्द तिथी निर्धारित करने का आग्रह किया। सीएमडी मनोज कुमार ने सांसद विधायक से चर्चा कर पितृपक्ष के बाद भूमिपूजन करने के लिये सहमती जताई। सांसद दुर्गादास उइके ने कोयला मंत्री एवं आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से समय लेने की बात कही। वहीं कोयला मंत्री के आगमन पर भी चर्चा की। भाजपा के वरिष्ठ नेता रजीत सिंह ने बताया कि तवा श्री खदान का टेंडर भी खुल गया है। सिंह एंड संन्स नागपुर को कार्य आवंटित हो चुका है। 17 करोड़ का एप्रोच रोड बन चुका है। सारी तैयारी पूरी हो चुकी है। जनप्रतिनिधियों ने बैठक कर कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता पीजे शर्मा, प्रदेश सह संयोजक रंजीत सिह,सुधा चन्द्रा,सारनी मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र निगम, मोहन मोरे,प्रकाश शिवहरे,प्रकाश डेहरिया, शिबू सिह,विनय मदने, प्रमोद सिह,रमेश खबसे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## गांधी जयंती पर बेरोजगार युवक निकालेंगे हुंकार रैली



**सारनी, देशबन्धु।** डब्ल्यूसीएल की बीटीसी ट्रेनिंग लेने के बाद भी पाथाखेड़ा, शोभापुर और ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवक गांधी जयंती पर बगडोना के स्वागत द्वार से हुकार रैली निकालेंगे। आम आदमी पार्टी के यूथ विग के जिला उपाध्यक्ष शिबू विश्वकर्मा ने बताया कि गुरुवार से पाथाखेड़ा के बेरियल के समक्ष रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। उसके बाद क्रमबद्ध तरीके से आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। विश्वकर्मा ने बताया कि 29 सितंबर को सुबह 10 बजे नुक्कड़ सभा सलैया में ली जाएगी, उसके बाद बगडोना बस्ती,छतरपुर चौक, छतरपुर गांव,शोभापुर कापसे पान सेंटर सर्विस के पास,शोभापुर कॉलोनी के अंबेडकर चौक,जैरी चौक,काली माई,अगले दिन कोलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा के न्यू मार्केट, पाथाखेड़ा डिल्मकेम्प में आंगनबाड़ी के पास, राजेंद्र नगर दिलीप पान ठेले के पास,लाल झंडा चौक,हापड़ के पास, सारनी के जयस्तंभ चौक,सारनी के जामा मस्जिद,शॉपिंग सेंटर, अंबेडकर भवन के पास कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। साथ ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को वेकोलि की भूमिका खदान में बाहर से आई कंपनी में रोजगार उपलब्ध हो सके इसको लेकर आम आदमी पार्टी आंदोलन करगी।

# वन अमले ने अवैध सागौन से भरी पिकअप पकड़ी, आरोपी फरार



**हरदा, देशबन्धु।** वन मंडल अधिकारी अनिल चोपड़ा के निर्देशन में वन परिक्षेत्र हंडिया के वन स्टाफ के गठित दल द्वारा ग्राम झालवा के एक खेत से अवैध सागौन लट्ठ से भरी हुई पिकअप वाहन को ज़ब्त करने में सफलता प्राप्त की गई। वन परिक्षेत्र अधिकारी हंडिया सुरेश कुमार सोनवंशी ने बताया कि समस्त कार्रवाई उप वनमंडल अधिकारी संजय जैन एवं ओमप्रकाश बिदारे के मार्गदर्शन में की गई। आरोपी अज्ञात है। वन अपराध जारी कर प्रकरण की विवेचना की जा रहीं है। आरोपियों को गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे है। ज़ब्त की गई अवैध काष्ठ का बाजार मूल्य लगभग 2 .25 लाख रुपये अनुमानित है।


**कार्यालय आदिम जाति सेवा सहकारी समिति भौरा जिला बैतूल**

**आमसभा**

आदिम जाती सेवा सहकारी समिति रोंढ़ा जिला बैतूल की वार्षिक साधारण आमसभा दिनांक **29.09.2023** दिन शुक्रवार को सुबह 12 बजे रखी गई है। संस्था के सभी गणमान्य सदस्यों से निवेदन है कि संस्था के कार्य स्वरुप आगामी बजट, आय-व्यय आदि विषयों पर विचार विमर्श किये जायेगे अत: सभी सदस्य गण अपने पहचान पत्र संस्था से संबंधित जो भी रिकार्ड हो साथ लेकर आने का कष्ट करें। आमसभा को सफल बनाने की अपील संस्था प्रशासक श्री सी.एल डोंगरे और प्रबंधक श्री प्रदीप मालवी द्वारा की जाकर समस्त विषयों पर विचारों के लिए उपस्थित होने का कष्ट करें।

**प्रशासक** **प्रबंधक**

**कार्यालय आदिम जाति सेवा सहकारी समिति एनखेड़ा जिला बैतूल**

**आमसभा**

आदिम जाती सेवा सहकारी समिति रोंढ़ा जिला बैतूल की वार्षिक साधारण आमसभा दिनांक **29.09.2023** दिन शुक्रवार को सुबह 12 बजे रखी गई है। संस्था के सभी गणमान्य सदस्यों से निवेदन है कि संस्था के कार्य स्वरुप आगामी बजट, आय-व्यय आदि विषयों पर विचार विमर्श किये जायेगे अत: सभी सदस्य गण अपने पहचान पत्र संस्था से संबंधित जो भी रिकार्ड हो साथ लेकर आने का कष्ट करें। आमसभा को सफल बनाने की अपील संस्था प्रशासक श्री सी.एल डोंगरे और प्रबंधक श्री प्रदीप मालवी द्वारा की जाकर समस्त विषयों पर विचारों के लिए उपस्थित होने का कष्ट करें।

**प्रशासक** **प्रबंधक**

**कार्यालय आदिम जाति सेवा सहकारी समिति खेड़ीकोर्ट जिला बैतूल**

**आमसभा**

आदिम जाती सेवा सहकारी समिति रोंढ़ा जिला बैतूल की वार्षिक साधारण आमसभा दिनांक **30.09.2023** दिन शनिवार को सुबह 12 बजे रखी गई है। संस्था के सभी गणमान्य सदस्यों से निवेदन है कि संस्था के कार्य स्वरुप आगामी बजट, आय-व्यय आदि विषयों पर विचार विमर्श किये जायेगे अत: सभी सदस्य गण अपने पहचान पत्र संस्था से संबंधित जो भी रिकार्ड हो साथ लेकर आने का कष्ट करें। आमसभा को सफल बनाने की अपील संस्था प्रशासक श्री सी.एल डोंगरे और प्रबंधक श्री प्रदीप मालवी द्वारा की जाकर समस्त विषयों पर विचारों के लिए उपस्थित होने का कष्ट करें।

**प्रशासक** **प्रबंधक**

In The Court of I Civil Judge Class-1, District Court, Betul
Presiding Officer: श्री धीरेन्द्र सिंह मंडलोई
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC/SUC/0000019/2023)
नीलू धुर्वे.............................................................. आवेदक
Vs
मुख्य महाप्रबंधक ............................................. अनावेदक
Process Id-/5636/2023
पेशी दिनांक 25.10.2023

प्रेषिती
1. सर्वसाधारण बैतूल जिला बैतूल
2. आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीलू धुर्वे पता ने मृतक अवधेश पिता हंशराज धुर्वे निवासी शोभापुर कालोनी गणेश चौक मकान क्रमांक 85 की... राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है, जिसकी सुनवाई दिनांक 25 अक्टूबर 2023 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 25 अक्टूबर 2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 21 सितम्बर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

सील
**श्री धीरेन्द्र सिंह मंडलोई**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड बैतूल जिला बैतूल ( म.प्र. )**

कृपया ध्यान दें: 1 यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**कार्यालय उपसंचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, जिला - हरदा**

क्रमांक /निविदा/2023-24/2279 हरदा दिनांक 27.09.2023

**निविदा**

आयुक्त कृषि के पत्र क्रमांक 1155 दिनांक 17.08.2023 से राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत कस्टम हायरिंग के माध्यम से किराये पर सिंचाई के प्रदर्शन की योजना (रेनगन) वर्ष 2023-24 के लिए इच्छुक कंपनी/संस्था कार्य करने हेतु निविदा आमंत्रित है।

परियोजना का क्षेत्र संपूर्ण जिला हरदा है, वर्षा आश्रित क्षेत्र को प्राथमिकता 03, प्रति कलस्टर 60 एकड, कुल 180 एकड़ होगा, चयनित कलस्टर में 200 मीटर के अंदर सार्वजनिक या निजी सिंचाई साधन उपलब्ध हो।

योजना से संबंधित मार्गदर्शी निर्देश, प्रपत्र एवं शर्ते कार्यालयीन समय में दिनांक 29.09.2023 से दिनांक 03.10.2023 तक प्राप्त किया जा सकता है, निविदा बंद लिफाफे में दिनांक 29.09.2023 से दिनांक 03.10.2023 दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त की जावेगी एवं दिनांक 04.10.2023 को गठित समिति के समक्ष दोपहर पश्चात 3.00 बजे खोली जावेगी।

**उपसंचालक**
**किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला - हरदा**

**कार्यालय आदिम जाति सेवा सहकारी समिति गौला जिला बैतूल**

**आमसभा**

आदिम जाती सेवा सहकारी समिति रोंढ़ा जिला बैतूल की वार्षिक साधारण आमसभा दिनांक **29.09.2023** दिन शुक्रवार को सुबह 12 बजे रखी गई है। संस्था के सभी गणमान्य सदस्यों से निवेदन है कि संस्था के कार्य स्वरुप आगामी बजट, आय-व्यय आदि विषयों पर विचार विमर्श किये जायेगे अत: सभी सदस्य गण अपने पहचान पत्र संस्था से संबंधित जो भी रिकार्ड हो साथ लेकर आने का कष्ट करें। आमसभा को सफल बनाने की अपील संस्था प्रशासक श्री सी.एल डोंगरे और प्रबंधक श्री प्रदीप मालवी द्वारा की जाकर समस्त विषयों पर विचारों के लिए उपस्थित होने का कष्ट करें।

**प्रशासक** **प्रबंधक**

**कार्यालय आदिम जाति सेवा सहकारी समिति साईखेड़ा जिला बैतूल**

**आमसभा**

आदिम जाती सेवा सहकारी समिति रोंढ़ा जिला बैतूल की वार्षिक साधारण आमसभा दिनांक **30.09.2023** दिन शनिवार को सुबह 12 बजे रखी गई है। संस्था के सभी गणमान्य सदस्यों से निवेदन है कि संस्था के कार्य स्वरुप आगामी बजट, आय-व्यय आदि विषयों पर विचार विमर्श किये जायेगे अत: सभी सदस्य गण अपने पहचान पत्र संस्था से संबंधित जो भी रिकार्ड हो साथ लेकर आने का कष्ट करें। आमसभा को सफल बनाने की अपील संस्था प्रशासक श्री सी.एल डोंगरे और प्रबंधक श्री प्रदीप मालवी द्वारा की जाकर समस्त विषयों पर विचारों के लिए उपस्थित होने का कष्ट करें।

**प्रशासक** **प्रबंधक**

## सार समाचार

### जिले में 2 से 8 अक्टूबर तक चलाया जाएगा नशामुक्ति अभियान

**नर्मदापुरम देशबन्धु।** जिले में 2 से 8 अक्टूबर तक नशामुक्ति अभियान चलाया जाएगा। नशामुक्ति अभियान के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति में पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, वन मंडलाधिकारी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जेल अधीक्षक, जिला योजना अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, नोडल अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग, जिला परियोजना अधिकारी जिला शिक्षा केन्द्र, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण, जिला आबकारी अधिकारी, उप संचालक सामाजिक न्याय, जिला जनसंपर्क अधिकारी, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद एवं नेहरू युवा केन्द्र समिति के सदस्य रहेंगे। समिति द्वारा आहुत बैठक में क्षेत्रीय सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष आदि जनप्रतिनिधिगण विषेष रूप से आमंत्रित रहेंगे। उक्त समिति नशामुक्ति अभियान के दौरान जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करना सुनिश्चित करेगी। मद्य निषेध सप्ताह के दौरान विभिन्न शासकीय-अशासकीय संस्थाओं द्वारा विभिन्न नशा मुक्ति के लिए कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इन आयोजित गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य नशे के विरूद्ध समाज में जनजागृति, जनचेतना अवेयरनेस का निर्माण कार्य किया जाएगा। जिनमें प्रमुख रूप से जिला, अनुभाग, ग्रामो, नगरीय निकायों में नशामुक्ति के लिए शपथ ग्रहण कार्यक्रम किये जायेंगे। इन गतिविधियों में सामाजिक संगठनो, स्वयंसेवी एवं अशासकीय संस्थाओं, मीडिया प्रतिनिधियों, सेलेब्रिटीज तथा धर्मगुरूओं द्वारा प्रस्तावित नवाचार को भी जोड़ा जाएगा। मद्य निषेध सप्ताह में मध्यप्रदेश शासन के समस्त विभाग, सामाजिक संगठन, स्वयंसेवी एवं अशासकीय संस्थाएं, समस्त धर्मगुरू आदि सक्रिय सहभागिता निभायेंगे।

### वरिष्ठ नागरिक दिवस 1 अक्टूबर को

**नर्मदापुरम देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस 1 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय नर्मदापुरम में प्रातः 11 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि नर्मदापुरम जिले के 100 या 100 वर्षसे अधिक आयु के मतदाताओं का सम्मान किया जाएगा। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, समस्त तहसीलदार, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी निर्देशानुसार कार्यक्रम आयोजित करना सुनिश्चित करे।

औपचारिकता बनकर रह गई जन आक्रोश यात्रा, कांग्रेसियों ने ही उठाए सवाल

# भाजपा सरकार में आमजन परेशान : पचौरी



**सोहागपुर, देशबन्धु।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने कहा कि शिवराज सिंह के मुख्यमंत्री रहते भू माफियाओं, रेत माफिया, शराब माफिया का राज है, भाजपा के राज में किसान, नौजवान, आमजन भी खुश नहीं है। वह आज सोहागपुर में आक्रोश यात्रा के दौरान आयोजित जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पत्रकार भी सुरक्षित नहीं हैं, जो निर्भीकता से आमजनों के हित में खबरे छापता है उसे पर भी हमले करवाए जाते हैं, इसलिए कांग्रेस ने अपने वचन पत्र में कहा है कि हम पत्रकारों की सुरक्षा के लिए पत्रकार सुरक्षा अधिनियम लेकर आएंगे। श्री पचौरी ने यह बात उस समय कहीं, जब मुख्यमंत्री पहले ही इसको लेकर घोषणा कर चुके हैं। पूर्व सांसद प्रदीप जैन झांसी ने अपने भाषण में कहा कि भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व को अच्छी तरह मालूम है कि पार्टी की स्थिति प्रदेश में खराब है, इसलिए केंद्रीय मंत्रियों को चुनाव लड़ने मैदान में उतार दिया। इसके पहले कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा के नगर में पहुंचने पर कांग्रेस नेताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। यहां कांग्रेस नेता हरगोविंद पुरबिया ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, प्रदीप जैन पूर्व सांसद सहित यात्रा में शामिल अन्य कांग्रेसियों का स्वागत किया गया। यह यात्रा कहीं न कहीं एक औपचारिकता बनकर रह गई। वरिष्ठ नेताओं ने इटारसी में रणदीप सुरजेवाला की आमसभा होने के कारण जल्दबाजी दिखाई, सोहागपुर से बाबई तक कार्यकर्ता टेंट लगाकर यात्रा का स्वागत करना चाह रहे थे, परंतु कई जगहों पर यात्रा नहीं रुकी वह सीधे निकल गई, जिससे कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया। कार्यकर्ताओं का कहना है यह वरिष्ठ नेता अभी पद पर नहीं है, तब उनके पास हमारे लिए समय नहीं है सरकार में आने के बाद न जाने क्या करेंगे। वहीं जन आक्रोश यात्रा में चल रहा रथ खाली रहा इस पर कोई भी नेता बैठा दिखाई नहीं दिया इस पर भी सवाल उठ रहे हैं। मीडिया से बात करते हुए सुरेश पचौरी ने कहा कि भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा पर नहीं है उनकी विदाई यात्रा है, अब मध्यप्रदेश से उनकी विदाई होने वाली है। इस मौके पर विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की दावेदारी कर रहे सभी नेता मंच पर मौजूद रहे। जल्दबाजी में यात्रा को आगे रवाना होना था, जिसके चलते किसी भी नेता का मंच पर स्वागत नहीं हुआ, फूल बोरों में भरकर मंच के एक तरफ रखे रह गए। किसी भी नेता कार्यकर्ता को अतिथि देव भाव का भान नहीं हुआ और पहली बार ऐसा देखने में मिला कि नेता मंच पर पहुंचे और भाषण देना शुरू कर दिया। जन आक्रोश यात्रा जनता के बीच में भाजपा की नाकामियों को बताने के लिए निकल जा रही है परंतु वरिष्ठ नेताओं के पास समय का अभाव है। वरिष्ठ कांग्रेसी राकेश चौधरी ने सोशल मीडिया प्रतिक्रिया व्यक्त कि, लिखा कि यह कैसी जन आक्रोश रैली न समय का पता, न कोई तैयारी, ऐसे में कांग्रेस कैसे जीतेगी? सवाल बड़ा और कड़वा है परंतु सच है, जिस पर कांग्रेस को कहीं न कहीं मंथन की आवश्यकता है। रैली को रैली की तरह जनसंपर्क करते हुए निकालना चाहिए वर्ना कांग्रेस को नुकसान ही होगा।

## मतदान केन्द्रों के नामों की सूची में किया गया सुधार

**नर्मदापुरम देशबन्धु।** निर्वाचक नामावली का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 में मतदान केन्द्रों की सूची में टंकण त्रुटि में सुधार किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम नीरज कुमार सिंह ने समस्त पार्टियों के पदाधिकारियों को बताया है कि विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 137- नर्मदापुरम के लिए मतदान केन्द्रों की प्रकाशित सूची के कॉलम नंबर 3 में मतदान केन्द्र क्रमांक 172 के भवन के नाम में शाप्राशा नई गरीबी लाईन इटारसी, मतदान केन्द्र क्रमांक 174 के भवन के नाम में शा महात्मा गांधी महावि अतिरिक्त भवन इटारसी तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 175 के भवन के नाम में अंकित शा.महात्मा गांधी महावि दक्षिणी खंड टंकण त्रुटि के कारण अंकित हो गया था। अत उक्त टंकण त्रुटि में सुधार किया गया है जिसके अनुसार मतदान केन्द्र क्रमांक 172 के भवन के नाम में शाप्राशा नई गरीबी लाईन इटारसी , मतदान केन्द्र क्रमांक 174 के भवन के नाम में अंकितशा. महात्मा गांधी महावि अतिरिक्त भवन इटारसी तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 175 के भवन के नाम में अंकित शा.महात्मा गांधी महावि दक्षिणी खंड के स्थान पर शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटारसी वाणिज्य संकाय भवन कक्ष क्रमांक 1, मतदान केन्द्र क्रमांक 174 के भवन के नाम में अंकित शा महात्मा गांधी महावि अतिरिक्त भवन इटारसी के स्थान पर शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर माहविद्यालय इटारसी वाणिज्य संकाय भवन कक्ष क्रमांक 2 एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 175 के भवन के नाम में अंकित शा.महात्मा गांधी महावि दक्षिणी खंड के स्थान पर शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटारसी वाणिज्य संकाय भवन पूर्वी खंड पढ़ा जावे।

### निर्वाचन व्यय निगरानी के लिए मानक दरों के निर्धारण के लिए बैठक अब 29 को

**नर्मदापुरम देशबन्धु।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए निर्वाचन व्यय निगरानी के लिए मानक दरों के निर्धारण के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में 27 सितम्बर 2023 को बैठक आयोजित की जाना थी किन्तु उक्त बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है।

अब यह बैठक 29 सितम्बर 2023 को दोपहर 3 बजे से कलेक्टर कार्यालय के रेवा सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए समस्त राजनैतिक दलो के पदाधिकारियों से कहा है कि वे स्वयं अथवा अधिकृत प्रतिनिधि निर्धारित दिनांक एवं स्थान पर दोपहर 3 बजे अनिवार्य रूप से बैठक में उपस्थित होने का कष्ट करें।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में सहकारी बैंक की वार्षिक आमसभा संपन्न

**नर्मदापुरम देशबन्धु।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, नर्मदापुरम की वर्ष 2022-23 की वार्षिक साधारण आमसभा की बैठक बुधवार को प्रधान कार्यालय, नर्मदापुरम के सभाकक्ष में कलेक्टर एवं प्रशासक नीरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई।



उक्त बैठक में उपायुक्त एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवम मिश्रा एवं बैंक की प्राथमिक सहकारी समितियों के प्रशासक एवं बैंक के अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित हुये। उक्त बैठक में बैंक के बैंक के वित्तीय वर्ष 2022-23 का वार्षिक प्रतिवेदन अंकेक्षित लेनदेन पत्राक और लाभ हानि पत्राक अनुमोदित करना, वर्ष 2024-25 के लिये वार्षिक बजट अनुमोदित करना, वित्तीय वर्ष 2022-23 में स्वीकृत बजट से अधिक व्यय जिन मदों में हुआ है,उसका अनुमोदन करना, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये ऋण ग्रहण की अधिकतम सीमा निर्धारित करना, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये प्रस्तावित वार्षिक कार्यक्रम का अनुमोदन करना, वर्षान्त 31 मार्च 2023 पर बैंक को हुये शुद्ध लाभ के व्ययन पर विचार करना, सहकारी अधिनियम की धारा 49 (7) के अंतर्गत बैंक संचालक मंडल के सदस्यों एवं उनके कुटुम्ब के सदस्यों के नाम उधार एवं अग्रिमों की जानकारी अवलोकन करना। बैंक के वित्तीय वर्ष 2024-25 के लेखाओं की संपरीक्षा करने के लिये साविधिक संपरीक्षक की नियुक्ति बाबत विचार करना, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, होशंगाबाद का नाम संशोधित कर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, नर्मदापुरम करने एवं बैंक की पंजीकृत उपविधियों में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, होशंगाबाद के स्थान पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, नर्मदापुरम संशोधित करने संबंधी इत्यादि विषयों को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। बैठक के अन्त में बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा बैठक में पधारे सदस्यों का अभार व्यक्त करते हुये बैठक का समापन किया गया।

# मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण 29 एवं 30 को



**नर्मदापुरम देशबन्धु।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए समस्त मतदान कर्मियों का प्रथम प्रशिक्षण 29 एवं 30 सितंबर को उनके निर्धारित स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समस्त मतदान कर्मियों को निर्देशित किया है कि वे प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे प्रशिक्षण में स्वयं उपस्थित रहें और निर्वाचन के सफल आयोजन के लिए प्रभावी ढंग से प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जाना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने सभी कार्यालय प्रमुखों को भी निर्देश दिए है कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को प्रशिक्षण में उपस्थित होने के लिए निर्देशित करें।बैठक में नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे द्वारा सभी रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को नोटिफाइड अबसेंट वोटर्स, पीबीएस को मतगणना केंद्र तक भिजवाना, इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट, मतदाता द्वारा घोषणा, आदि निर्वाचन संबंधी बिंदुओं पर विस्तार से प्रशिक्षण

## अमानत में खयानत करने वाले आरोपी को 1 वर्ष का सश्रम कारावास

**नर्मदापुरम देशबन्धु।** जिला अभियोजन अधिकारी नर्मदापुरम् ने बताया कि अभियोजन कहानी इस प्रकार है कि फरियादी झिरूआ अहिरवार ने अपना टैक्टर ट्राली आइस क्र एमपी 05 एम 0877, माडल 2003, चेचिस न 99411830112 इंजन 39428832556 को किराये से गोविंद कुशवाह निवासी बोदी को 21 मार्च 2016 से 21 अप्रैल 2016 तक के लिये दिया था। एक माह हो जाने के बाद गोविंद से मिलने उसके गांव बोदी गया था, तो वह नहीं मिला और उसके बड़े भाई ने बताया कि वह तो वह दूसरे जगह रहने लगा जब ट्रेक्टर मागने गया और ट्रेक्टर के बारे में पूछा तो और कहा कि ट्रेक्टर वापस कर दो वह किराये के पैसे दे दो तो आरोपी गोविंद ने कहा कि मैं अभी आता हूं, बोला और चला गया और लौटकर नही आया। मोबाईल बंद कर दिया और घर पर नहीं मिला। गोविंद कुशवाह ने बेईमानी पूर्वक किसी को ट्रेक्टर ट्राली बेच दिया या कही छिपा दिया गया। इसके बाद फरियादि के उक्त आवेदन पर आरोपी के विरुद्ध थाना सोहागपुर में रिपोर्ट दर्ज की गयी। तत्पश्चात थाना सोहागपुर द्वारा विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था।

प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट, सोहागपुर द्वारा प्रकरण क्र आरसीटी 176/18 अपराध क्र 388/16 में आरोपी गोविंद कुशवाह पिता श्रीराम कुशवाह, निवासी ग्राम बोदी, थाना सोहागपुर को धारा-406, भादंवि में अभियुक्त को 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं कुल 500 रू के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### जहर खाने से युवक की मौत

**इटारसी देशबन्धु।** जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत हो गई। उसे उपचार के लिए शासकीय अस्पताल में भर्ती किया गया था। लेकिन इलाज का उस पर कोई असर नहीं हुआ।

केसला ब्लाक के अमाडा ग्राम निवासी करण एक्के पिता राजकुमार एक्के ने विगत दिनों 22 सितंबर को जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। जिसे गंभीर हालत में परिजनों ने उसे शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड दिया। युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन क्यों किया इसका खुलासा नहीं हो सका है। पथरौटा पुलिस ने म्रतक के शव का पोस्टमार्टम शासकीय अस्पताल में कराकर जांच शुरू कर दी है।

### शिवम मिश्रा ने सीईओ जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक का पदभार किया ग्रहण

**नर्मदापुरम देशबन्धु।** कलेक्टर एवं प्रशासक नीरज कुमार सिंह द्वारा जारी आदेश के परिपालन में उप आयुक्त सहकारिता शिवम मिश्रा ने 25 सितम्बर को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक नर्मदापुरम का पदभार ग्रहण किया है।

## खेत पर सो रहे किसान की हत्या



**चंदला, देशबन्धु।** जिले के चंदला थाना अंतर्गत आने वाली बछौन चौकी क्षेत्र के ग्राम गडर्पुर में बीती रात कुछ नकाबपोश लोगों ने खेत पर बने अपने घर में सो रहे एक किसान की धारदार हथियार से नृसंश हत्या कर दी। घटना की जानकारी पुलिस को मिलने के बाद पुलिस टीम एफएसएल और डॉग स्क्वॉड के साथ मौके पर पहुंची। घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित कर पुलिस मामले की विवेचना में जुट गई है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक गडर्पुर निवासी भवानीदीन पाल उम्र करीब 46 वर्ष अपने खेत पर बने मकान में पत्नी और बच्चों के साथ सोया हुआ था। इसी दौरान रात करीब एक बजे अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने घर में घुसकर धारदार हथियार से भवानीदीन की गर्दन पर प्रहार करते हुए उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद पुलिस को सूचना दी गई और पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं एफएसएल टीम और डॉग स्क्वॉड को मौके पर बुलाकर साक्ष्य एकत्रित कराए गए हैं, जिसके आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

विधायक ने किया चिकित्साकर्मियों का सम्मान

# एक दूसरे के सुझाव से होती है मानवता की सेवा : चतुर्वेदी


**छतरपुर, देशबन्धु।** बुधवार को छतरपुर विधायक आलोक चतुर्वेदी ने छतरपुर के किशोर सागर तालाब के समीप स्थित सेवाग्राम में निजी चिकित्सकों के लिए सम्मान समारोह का अयोजन कर निजी चिकित्सकों, प्रैक्टिस डॉक्टर और पैथालॉजी संचालकों को सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक श्री चतुर्वेदी ने चिकित्सकों को धरती का दूसरा भगवान बताते हुए कहा कि कोरोना की भीषण विभीषिका में जब लोग घरों से बाहर निकलने में हिचकिचा रहे थे तब आप सभी चिकित्सकों ने अपनी जान की परवाह किए बगैर लोगों का उपचार कर उनकी जान बचाई जो कि अद्वितीय कार्य था।

सम्मान समारोह में शहर के तमाम निजी चिकित्सकों और पैथालॉजी संचालकों को मंच से पुष्पहार पहनाते हुए उपहार देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक आलोक चतुर्वेदी ने कहा कि यह आयोजन कोई राजनैतिक आयोजन नहीं है, यह विचार मेरे मन में उस वक्त आया था जब इसी स्थान पर कुछ दिन पहले हमने शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों का सम्मान किया था। उक्त कार्यक्रम के बाद मन में विचार आया कि और भी ऐसे लोग हैं जिन्होंने हमारे समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य किए हैं।

इसी विचार के साथ जब पिछले वर्षों की ओर ध्यान गया तो कोरोना का भीषण दौर भी याद आया जिसके बाद चिकित्सकों को सम्मानित करने का संकल्प लिया था और उसी संकल्प को पूरा करते हुए आज यह आयोजन किय गया है। उन्होंने यह भी कहा कि यह आयोजन सिर्फ आज नहीं बल्कि आगामी वर्षों में पुनः किए जाएंगे ताकि आप सभी अपनी बात हमारे सामने रखें और हम आपकी मदद कर सकें। विधायक श्री चतुर्वेदी ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में काम करने वाले सहयोगी राधेश्याम



सोनी के सुझाव पर कोरोना काल में कंसंट्रेटर मशीनें हमने मंगवाई थीं जिससे हजारों लोगों की मदद हो सकी। उन्होंने कहा कि यह उदाहरण है कि अगर आप सबसे सही समय पर सही सुझाव मिलेगा तो हम और भी अधिक लोगों की मदद कर पाएंगे। इसके साथ ही विधायक ने चिकित्सकों को आश्वासन भी दिया कि जहां भी उन्हें आवश्यकता होगी वहां पर मैं आपकी मदद के लिए उपस्थित रहूंगा। विधायक के अलावा कार्यक्रम को चिकित्सकों ने भी संबोधित किया और अपने वक्त्य में चिकित्सकों ने विधायक आलोक चतुर्वेदी द्वारा किए जा रहे सेवाकार्यों और उनकी कार्यशैली को मंच से सराहा।





पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

इंदौर में हुए इंडियन स्मार्ट सिटी कान्क्लेव में शामिल हुई राष्ट्रपति, कहा-

# शहरों और नागरिकों की जरुरत के मुताबिक विकास की योजनाएं बनाएं

**भोपाल, देशबन्धु।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि शहरों और नागरिकों की जरुरत का आंकलन कर विकास का रोडमेप तैयार किया जाना चाहिए। जलवायु परिवर्तन पर अपनी चिंता जाहिर करते हुए उन्होंने स्मार्ट शहरों में किए जा रहे कार्यों को सकारात्मक पहल बताया। इस दिशा में और टिकाऊ विकास पर और अधिक काम किए जाने की जरूरत है। शहरी विकास में समग्र निवेश पिछले दशकों में दोगुना से अधिक हुआ है। स्मार्ट सिटी मिशन का इसमें बड़ा योगदान है। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने आज इंदौर में इंडिया स्मार्ट सिटी कान्क्लेव-2023 में सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। उन्होने मध्यप्रदेश को देश के सर्वश्रेष्ठ प्रदेश का पुरस्कार मिलने पर बधाई दी। उन्होंने आईसी अवार्ड सेरेमनी में विजेता शहरों और राज्यों को पुरस्कार वितरित किए। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि इन्दौर ने भारत के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में अपना विशिष्ट स्थान बनाए रखा है। इंदौर देश की स्मार्ट सिटीज में भी सबसे ऊपर है। उन्होंने इंदौर के निवासियों, जन-प्रतिनिधियों, प्रशासन के अधिकारियों, केन्द्र सरकार के सम्बद्ध विभागों तथा अन्य सभी स्टेक होल्डर्स की सराहना की। राष्ट्रपति ने इंडिया स्मार्ट सिटीस अवार्ड कॉन्टेस्ट 2022 में मध्यप्रदेश द्वारा बेस्ट स्टेट का गौरव प्राप्त करने पर राज्य के सभी निवासियों, राज्यपाल, मुख्यमंत्री और उनकी पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने राज्य के सभी स्मार्ट शहरों में किए जा रहे कार्यों से जुड़े लोगों की सराहना भी की। साथ ही सर्वश्रेष्ठ केन्द्र शासित प्रदेश का पुरस्कार प्राप्त करने के लिए चंडीगढ़ और राज्यों के प्रदर्शन के आधार पर दूसरा स्थान प्राप्त करने के लिए तमिलनाडु तथा संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त करने के लिए राजस्थान



और उत्तर प्रदेश को भी बधाई दी।

राष्ट्रपति ने अलग-अलग श्रेणियों में 66 पुरस्कार विजेता स्मार्ट शहरों और राज्यों को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत की शहरी आबादी लगभग 46 करोड़ से बढ़कर 87 करोड़ से अधिक हो जाएगी, तब हमारे 50 प्रतिशत से अधिक देशवासी शहरी क्षेत्रों में रहेंगे। भारत के शहर आज देश की जीडीपी में लगभग दो-तिहाई योगदान करते हैं।

केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के विजन का प्रतीक है स्मार्ट सिटी मिशन। मिशन की गति उल्लेखनीय है। इसके तहत देश के 100 शहरों का चयन किया गया। इसमें से इंदौर जो कि स्वच्छता में 6 बार स्मार्ट सिटी मिशन के तहत वेस्ट मैनेजमेंट कार्बन क्रेडिट, पब्लिक स्पेस के विकास के क्षेत्र में किए काम के कारण समूचे देश के लिए मॉडल शहर बन चुका है। इसी तरह प्रदेश को बेस्ट स्टेट का पुरस्कार मिला है।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित पूरे देश से आए स्मार्ट सिटी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## विकास के नए आयाम गढ़ रहा मध्यप्रदेश : राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश को सर्वश्रेष्ठ राज्य और यहां के 5 शहरों को 10 पुरस्कार मिलना हम सबको गौरवान्वित कर रहा है। मध्यप्रदेश विकास के नए आयाम गढ़ रहा है। विकास का नया मॉडल, जो कि भविष्य की जरुरतों को देखकर बनाया गया है, सपनों को हकीकत में बदलने का काम कर रहा है। यहां समावेशी विकास का अभूतपूर्व प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने प्रदेशवासियों को एकजुट होकर आत्मनिर्भर शहर और मध्यप्रदेश के निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

## सर्वश्रेष्ठ राज्य के तमगे से हम सब गौरवान्वित हैं : शिवराज

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हम सब गौरवान्वित हैं कि मध्यप्रदेश को देश में सर्वश्रेष्ठ राज्य होने का तमगा हासिल हुआ है। प्रदेश की जनता इसके लिए बधाई की पात्र है। पुरस्कृत स्मार्ट शहरों और उनके नागरिकों को भी बधाई। मध्यप्रदेश विकास की दिशा में नए आयाम तय कर रहा है। स्मार्ट सिटी मिशन में राज्य में सपनों को हकीकत में बदलने का काम किया गया है। उन्होंने इंदौर को सर्वश्रेष्ठ स्मार्ट सिटी अवार्ड मिलने पर कहा कि सपनों का और सफाई का सिरमौर इंदौर हर दौर में अव्वल रहने का आदी है। यहां जो भी आता हैं, यहीं का होकर रह जाता है। यहां के लोग सभी को दिल से अपनाते हैं। यहाँ के नागरिकों के सहयोग के बिना यह संभव नहीं था। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्वच्छता मिशन की शुरूआत की। समूचे देश ने उनका साथ दिया। हमने भी मध्यप्रदेश में शहर-शहर जाकर नागरिकों से संवाद किया और इसे जन-आन्दोलन बनाया। यही कारण है कि आज मध्यप्रदेश को सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

## मध्यप्रदेश को मिले 13 अवार्ड

इण्डिया स्मार्ट सिटीज अवार्ड्स कॉन्टेस्ट-2022 में उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर मध्यप्रदेश की 5 स्मार्ट सिटी को विभिन्न श्रेणी में 13 अवार्ड मिले हैं। मध्यप्रदेश को बेस्ट स्टेट का अवार्ड मिला है। इंदौर नेशनल स्मार्ट सिटी अवार्ड में प्रथम स्थान पर है। प्रोजेक्ट अवार्ड्स में स्मार्ट सिटी इंदौर को 5, भोपाल को एक, जबलपुर को 2, ग्वालियर को एक एवं सागर को एक अवार्ड मिला है।


स्वच्छता थीम में गोबर धन बॉयो सीएनजी प्लांट, शहरी पर्यावरण थीम में एयर क्वालिटी इम्प्रूवमेंट और अहिल्या वन विथ वर्टिकल गॉर्डन और जल थीम में सरस्वती और कान्ह लाइफ लाइन, रेनवाटर हॉर्वेस्टिंग एवं झीलों, कुओं और बावड़ियों के कायाकल्प के लिये इंदौर को प्रथम स्थान मिला है। बिल्ट इन्वायरमेंट थीम में रिवर फ्रंट डेव्हलपमेंट के लिये इंदौर को द्वितीय स्थान मिला है। भोपाल को सदर मंजिल रेस्टोरेशन प्रोजेक्ट के लिये द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। इकोनॉमी थीम में जबलपुर को स्टार्ट-अप इंक्यूबेशन सेंटर के लिये प्रथम एवं इंदौर को वेल्यू केप्चर फायनेंसिंग के लिये द्वितीय स्थान मिला है। गवर्नेंस थीम में जबलपुर को इम्पलीमेंटेशन ऑफ 311 एप्लीकेशन के लिये तृतीय स्थान मिला है। आईसीसीसी बिजनेस मॉडल थीम में ग्वालियर को इंटेलीजेंट ट्रेफिक मैनेजमेंट सिस्टम के लिये तृतीय स्थान और मोबेलिटी थीम पर सागर को इंटेलीजेंट ट्रेफिक मैनेजमेंट सिस्टम इम्प्रूविंग रोड सेफ्टी के लिये तृतीय स्थान मिला है। इनोवेशन अवार्ड श्रेणी में कोविड इनोवेटिव थीम पर इंदौर को कोविड-19 रिस्पांसेस-मल्टीपल इनिशिएटिव्स के लिये द्वितीय स्थान मिला है।

कार्यक्रम के दौरान आईएसएसी पुरस्कार-2022 सार-संग्रह, एससीएम के न्यूज़ लेटर का सार-संग्रह, यूएन हैबिटेट द्वारा रिपोर्ट- स्मार्ट सिटीज मिशन- सतत विकास लक्ष्यों को स्थानीय बनाना, आईएसएसी पुरस्कार-2023 ब्रोशर (ई-रिलीज़) का विमोचन किया गया। स्मार्ट सिटी मिशन के कार्यों पर आधारित वीडियो का प्रदर्शन कार्यक्रम में किया गया।

छग सरकार ने मीडियाकर्मियों के लिए शुरू की

# ललित सुरजन आवास ऋण अनुदान योजना

**रायपुर, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ सरकार ने वरिष्ठ पत्रकार



स्व. ललित सुरजन के नाम से संचार प्रतिनिधि आवास ऋण ब्याज अनुदान योजना लागू की है। योजना के तहत मीडिया कर्मियों को अधिकतम 30 लाख रुपए के आवास ऋण तक ब्याज अनुदान दिया जाएगा। योजना का लाभ 1 अप्रैल 2023 के बाद से खरीदे गए मकान पर हितग्राहियों दिया जाएगा। योजना का लाभ केवल आवासीय ऋण पर ही मिलेगा।

जनसंपर्क विभाग ने इस योजना के संबंध में बनाए गए नियमों का राजपत्र में प्रकाशन किया है। जिसके तहत प्रतिनिधि द्वारा राष्ट्रीयकृत बैंकों, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से अधिसूचित वित्तीय संस्थाओं एवं सहकारी बैंकों से लिए गए आवास ऋण पर प्रतिमाह 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान 5 वर्ष तक दिया जाएगा। न्यूनतम 5 वर्ष से छत्तीसगढ़ में निवास कर दैनिक समाचार पत्र तथा न्यूज चैनल्स में पंजीकृत समाचार एजेंसियों की संपादकीय शाखा में कार्यरत पूर्ण कालिक, अंशकालिक संचार प्रतिनिधि तथा अधिमान्यता नियमों की अर्हतादायी शर्तों को पूरा करने वाले न्यूज पोर्टल्स के संपादक और स्वतंत्र पत्रकार योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

कांग्रेस ने किसानों को जल्द मुआवजे की मांग, बबेले बोले-

# किसानों पर आई आपदा आसमानी नहीं, सुल्तानी है

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में सोयाबीन उत्पादक किसानों की सोयाबीन फसल को अल्पवर्षा और कीड़े लगने से हुए नुकसान को देखते हुए जल्द से जल्द मुआवजा दिए जाने की मांग कांग्रेस ने की है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता पीयूष बबेले ने कहा कि जिस प्रकार तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने अपने कार्यकाल में खुद खेतों का दौरा कर तत्काल मुआवजा देने की पहल की थी, उसी तरह मुख्यमंत्री श्री चौहान को किसानों बिना किसी प्रशासनिक प्रक्रिया में उलझाए तत्काल मुआवजा देने के लिए निर्देश देने चाहिए।



उन्होंने कहा कि प्रदेश के विदिशा, सीहोर, खरगोन, खंडवा, नर्मदापुरम, इंदौर, धार, रतलाम, उज्जैन, हरदा, बैतूल और मंदसौर जिला में मुख्य रूप से किसान सोयाबीन की खेती करते हैं। इन जिलों के 40 लाख से अधिक किसान प्रभावित हुए हैं। श्री बबेले ने किसानों की परेशानी के लिए प्राकृतिक आपदा के साथ ही प्रदेश सरकार को भी जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि खंडवा के बुराडिया गांव में 20 सितंबर को आदिवासी किसान पंढरी भील ने फसल खराब देखकर अपने खेत में ही आत्महत्या कर ली। अगर सरकार ने शीघ्र ही किसानों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया और उन्हें तत्काल मुआवजा नहीं दिया तो अन्य किसानों के लिए भी खेती के साथ जीवन का संकट खड़ा हो जाएगा।

उन्होंने प्रदेश के सोयाबीन के उत्पादन में पिछड़ने का आरोप लगाया और कहा कि प्रदेश प्रति हेक्टेयर उत्पादन में महाराष्ट्र से पीछे है, बल्कि अब तो सोयाबीन की फसल उगाने वाले रकबे के मामले में भी मध्य प्रदेश महाराष्ट्र से पीछे हो गया है। वर्ष 2017-18 तक जहां प्रदेश में सोयाबीन का 53.68 प्रतिशत रकबा हुआ करता था, वहीं रकबा 2021-22 में घटकर 39.83 प्रतिशत रह गया।

# जबलपुर में सौ करोड़ रूपए की लागत से बनेगा रानी दुर्गावती का भव्य स्मारक

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जबलपुर विकास की दृष्टि से देश में बहुत तेजी से बढ़ता हुआ शहर है। आज ही जबलपुर में 460 करोड़ रुपए की लागत के हाई कोर्ट के नए भवन का राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने शिलान्यास किया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जबलपुर में रानी दुर्गावती का भव्य स्मारक बनेगा जो हमारा गर्व और गौरव का प्रतीक होगा। आन-बान-शान का प्रतीक यह स्मारक 100 करोड़ रूपए की लागत से बनाया जाएगा। जबलपुर में 5 हजार करोड़ का रिंग रोड बन रहा है। इसी तरह 300 करोड़ का अत्याधुनिक रेल्वे स्टेशन बन रहा है। इसके अलावा 400 करोड़ रुपए लागत से एयरपोर्ट बन रहा है। जियोलाजिकल पार्क भी बन रहा है। जबलपुर में 200 करोड़ का आईटी पार्क बन रहा है। एक नहीं अनेकों सौगातें दी गई हैं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार और केंद्र सरकार विकास के लिए सक्रिय हैं। साथ मिलकर कार्य हो रहा है, कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

## विधेयक के बाद भी नर्मदा के संरक्षण के सार्थक प्रयास नहीं

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश की जीवन रेखा कहलाने वाली नर्मदा नदी के संरक्षण के संबंध में बिल पारित होने के बाद भी उसके संरक्षण के सार्थक प्रयास नजर नहीं आ रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस



के उपाध्यक्ष एवं नर्मदा सेवा सेना के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र गुप्ता ने मीडिया से चर्चा करते हुए आरोप लगाया कि 3 मई 2017 को विधानसभा में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधेयक के माध्यम से विधानसभा में नर्मदा जी को एक वैधानिक जीवंत नदी का दर्जा दिया था। इस वैधानिक अधिकारों के संरक्षण विषय संकल्प पर चर्चा करते हुए कहा था कि इसके तहत नर्मदा जी के दोनों तटों पर व्यापक वृक्षारोपण कर नदी के संरक्षण का काम करने का वादा किया गया था। श्री गुप्ता ने कहा कि प्रदेश में मां नर्मदा के कारण ही लहराते हुए खेत है, जिसके कारण भरपूर अनाज की पैदावार होती है, प्रदेश की महत्वपूर्ण पनबिजली परियोजनाएं भी नर्मदा के बांधों पर ही हैं। नर्मदा के कारण ही प्रदेश में समृद्धि है। इसलिए नर्मदा का संरक्षण जरूरी है।

चुनावी मिशन में जुटे प्रधानमंत्री मोदी

# 5 राज्यों का करेंगे तूफानी दौरा

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** पांच राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम विधानसभा चुनाव की तिथियों के ऐलान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन राज्यों का तूफानी दौरा करेंगे। उनकी नजर



खासकर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना पर है, जहां भाजपा की चुनावी संभावनाएं फिलहाल बेहतर नहीं है। प्रधानमंत्री इस माह के आखिर में यानि 30 सितम्बर को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले का दौरा करेंगे और वहां एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा तीन अक्टूबर को वे जगदलपुर में रहेंगे और वहां भी जनसभा को करेंगे।सूत्रों की माने तो आगामी एक अक्टूबर को प्रधानमंत्री मोदी तेलंगाना के दौरे पर होंगे और महबूबनगर में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके एक दिन बाद ही यानि तीन अक्टूबर को वे फिर से तेलंगाना पहुंचेंगे और निजामाबाद में जनसभा को संबोधित करेंगे। वही मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री पहले से ही अपनी ताकत झोंक रहे हैं। 25 सितम्बर को भोपाल में एक जनसभा को संबोधित कर चुके हैं। अब दो और पांच अक्टूबर को वे फिर से सूबे के दौरे पर होंगे और कई जनसभाओं व रैलियों को संबोधित करेंगे।

इस साल के आखिर में इन सभी पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। हालांकि अभी तक चुनाव तिथियों की घोषणा नहीं हुई है। लेकिन माना जा रहा है कि 14 अक्टूबर के बाद चुनाव आयोग कभी भी इन राज्यों के लिए चुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकता है। इससे पहले प्रधानमंत्री इन सभी राज्यों में कई बड़ी रैलियों व जनसभाओं को संबोधित करेंगे। अगले साल अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव होने हैं,इस लिहाज से पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों को बेहद अहम माना जा रहा है।

### गुजरात को बदनाम करने की साजिश हुई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को अहमदाबाद साइंस सिटी में आयोजित वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के 20वें एनिवर्सरी प्रोग्राम में शामिल हुए। मोदी ने अपने संबोधन में गुजरात का मुख्यमंत्री रहते आई चुनौतियों पर बात की। मोदी ने 2001 से पहले गुजरात में आए अकाल, फिर भूकंप और गोधरा ट्रेन की घटना और राज्य में फैली हिंसा के बाद के हालात की चर्चा की। उन्होंने कहा- तब कुछ लोग एजेंडा के तहत गुजरात को दुनिया में बदनाम करने की साजिश रच रहे थे।

# भाजपा ने उप्र के दर्जन भर मंत्रियों सहित 50 नेताओं को सौंपी जिम्मेदारी



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा के उत्तरप्रदेश के दर्जन भर मंत्रियों सहित तकरीबन 50 बाहरी नेताओं को विधानसभा चुनाव के लिए मध्यप्रदेश में भेजा गया है। इन नेताओं चुनाव संबंध जिम्मेदारियों से अवगत कराने के लिए आज एक कार्यशाला में आयोजित की गई। जिसमें शामिल हुए उत्तर प्रदेश के दर्जन भर मंत्री, एक दर्जन से अधिक सांसद, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक व मंत्री सहित करीब 50 नेताओं को अलग-अलग जिलों का दायित्व सौंपा गया है।

जिसमें उत्तर प्रदेश के मंत्री बृजेश पाठक को भोपाल, बेबी रानी मौर्य को ग्वालियर, दयाशंकर सिंह को बालाघाट, दिनेश प्रताप सिंह को रायसेन, स्वतंत्र देव सिंह को सतना, दयाशंकर मिश्र दयालु को दतिया, कपिल देव अग्रवाल को दमोह और अनिल राजभर को सिवनी जिले की जिम्मेदारी दी गई है। ये जिले की विधानसभाओं की मौजूदा स्थिति, पार्टी के समक्ष चुनौतियां, कार्यकर्ताओं के बीच तालमेल सहित अन्य पहलुओं पर मैदानी स्थिति का परीक्षण कर अपना मत देंगे। साथ ही चुनाव की रणनीति में परिस्थितियों के अनुसार बदलाव के लिए भी सुझाव देंगे।कार्यशाला के दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि देशभर से आए ये कार्यकर्ता संगठन के काम के साथ ही चुनाव की रणनीति बनाने में निपुण हैं। इनके अनुभव को फायदा विधानसभा चुनाव में पार्टी को होगा। उन्होंने कहा कि ये कार्यकर्ता हर जिले और संभाग में जाकर प्रदेश के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर चुनाव में अहम भूमिका अदा करेंगे। कार्यशाला में चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने भी मार्गदर्शन दिया।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक युगांतकारी



- राजस्थान में बिट्स पिलानी के छात्रों को किया संबोधित
- जीवन की बेहतरी के लिए शिक्षा को बताया प्रभावी यंत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को एक युगांतकारी करार देते हुए बुधवार को कहा कि जब तक 50 प्रतिशत मानवता के लिए न्याय सुनिश्चित नहीं किया जाता तब तक समाज का विकास नहीं हो सकता। धनखड़ ने बुधवार को राजस्थान में बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (बिट्स) पिलानी के छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने महिलाओं को विधानसभाओं और लोकसभा में एक तिहाई आरक्षण देने के विधेयक का उल्लेख करते हुए कहा कि यह महिलाओं के अधिकारों की मान्यता और उनके अधिकार की पुष्टि है।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आम जनता के जीवन को बेहतर बनाने के लिए शिक्षा को सबसे प्रभावी और प्रभावशाली यंत्र बताया और कहा कि इससे भारत के विकास में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में जवाबदेही और नागरिक भागीदारी के महत्व को सुदृढ़ करते हुए प्रत्येक नागरिक को संसद में याचिका प्रस्तुत करने का अधिकार है। उपराष्ट्रपति जगदीप ने कहा कि जी-20 सदस्य के रूप में अफ्रीकी संघ को शामिल करना भारत के सभ्यतागत लोकाचार के साथ गहराई से मेल खाता है।

भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) पर हस्ताक्षर को वैश्विक गेमचेंजर बताते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत की भूमिका ने 'ग्लोबल साउथ' को विश्व मंच पर एक मजबूत आवाज दी है।

## भ्रष्टाचार लोकतंत्र व विकास का हत्यारा

भ्रष्टाचार को लोकतंत्र और विकास का हत्यारा करार देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि हाल के वर्षों में, सत्ता के दलालों के प्रभाव वाले सत्ता गलियारों को बेअसर करने के लिए महत्वपूर्ण प्रगति की गई है। उन्होंने लोगों से भारतीय संस्थानों को कलंकित करने, बदनाम करने और कमजोर करने वाले भारत विरोधी वक्तव्यों का सक्रिय रूप से मुकाबला करने का आह्वान किया।

गृहमंत्री और दिल्ली पुलिस से कार्रवाई की मांग की

# दानिश को मिल रही जान से मारने की धमकियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बहुजन समाजवादी पार्टी (बसपा) सांसद कुंवर दानिश अली ने बुधवार को कहा कि संसद में जबसे उनके खिलाफ़ भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) सांसद रमेश बिघुड़ी की ओर से आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया है तब से उन्हें नफरत भरे संदेश और जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। अमरोहा के लोकसभा सांसद ने अभद्र भाषा लिखे एक स्क्रीन शॉट को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स'पार साझा करते हुए आज लिखा, पिछले शुक्रवार को संसद में हुए प्रकरण सामने आने के बाद से कुछ लोग नफरत भरे संदेश भेज रहे हैं और मुझे जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। उम्मीद है दिल्ली पुलिस संज्ञान लेगी और उचित कार्रवाई करेगी। उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह और दिल्ली पुलिस को टैग करके कार्रवाई की मांग की है। चंद्रयान -3 की सफलता पर लोकसभा में चर्चा के दौरान श्री बिधूड़ी ने श्री अली के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी जिसके लिए हालांकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने माफी मांग ली थी।

संसद में अभद्र टिप्पणी करने वाले

### बिधूड़ी को भाजपा ने सचिन पायलट के जिले का प्रभारी बनाया

संसद में अभद्र टिप्पणी करने वाले भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी को पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। उन्हें सचिन पायलट के जिले टोंक का प्रभारी बनाया गया है। बिधूड़ी दिल्ली की दक्षिण दिल्ली सीट से लोकसभा सदस्य हैं। संसद के विशेष सत्र के दौरान उन्होंने सदन में बीएसपी सांसद दानिश अली पर अभद्र टिप्पणी की थी। जिसकी विपक्षी दलों ने खूब निंदा की थी।बाद में भाजपा ने भी बिधूडी को नोटिस दिया। बिधूड़ी को 15 दिन में इस नोटिस का जवाब देना है उससे पहले ही पार्टी ने उन्हें टोंक का प्रभारी बना दिया है।

एशियन गेम्स में मप्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

# देश को दिलाए 9 पदक, शूटर्स ने साधा 5 पदकों पर निशाना

**भोपाल, देशबन्धु।** चीन के हांग्झू में खेली जा रही 19वीं एशियाई खेलों में मप्र के एथलीटों का शानदार प्रदर्शन जारी है। बुधवार को शूटिंग में मप्र के निशानेबाजों ने दो पदकों पर निशाना साधा है। इसी के साथ मप्र के खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण, तीन रजत व तीन कांस्य सहित नौ पदक जीते हैं। मप्र का यह एशियन गेम्?स में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

इस बार मप्र ने छह दिनों में ही अपने पिछले प्रदर्शन को पीछे छोड़ दिया है। इसी तरह का प्रदर्शन रहा तो हम इस बार 15 पदक के करीब पहुँच सकते है। अब तक मप्र अकादमी के निशानेबाजों ने अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। शूटिंग में मप्र ने एक स्वर्ण, दो रजत व दो कांस्य सहित कुल पाँच पदक जीते है, इसमें कुछ इवेंट बाकी है, जिसमें हमे पदक की उम्मीद है। छोटी उम्र में बडे बडे कीर्तिमान रच रहे एश्वर्य प्रताप सिंह ने 10 मीटर राइफल टीम इवेंट में महाराष्ट्र के रूद्राक्ष पाटिल और राजस्थान के दिव्यांश के साथ मिलकर देश को स्वर्ण पदक दिलाया। एश्वर्य ने इसी इवेंट के व्यक्तिगत मुकाबले में भी जोरदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीतकर अपने पदकों की संख्या दो की। 10 मीटर राइफल महिला टीम इवेंट में मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी की अशी चौकसे ने हरियाणा की रमनीता जिंदल व वेस्ट बंगाल की मेहुली के साथ रजत पदक जीता। बुधवार सुबह मप्र की अशी चौकसे ने 50 मीटर थ्री पोजीशन व्यक्तिगत इवेंट में कांस्य पदक जीता। शूटिंग में ही एक रजत पदक 50 मीटर थ्री पोजीशन पुरुष वर्ग में एसके शर्मा और एम कौशकि की जोड़ी ने रजत पदक जीता है।

महिला क्रिकेट में भारत ने स्वर्ण पदक जीता। भारत की इस स?वर्णिम सफलता में मप्र की पूजा वस्त्राकार ने विशेष भूमिका निभाई। सेलिंग में मध्यप्रदेश वाटर स्पोटर्स अकादमी की नेहा ठाकुर ने सभी को चौंकाते हुए रजत पदक जीता। नेहा ने यह सफलता महिलाओं की आइएलसी-4 इवेंट में हासिल की है। वहीं जूडो में तुलिका मान ने 78 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। घुडसवारी में मप्र की सुदप्ति हजेला ने टीम ड्रेसाज इवेंट में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। यह मप्र ही नहीं भारत के लिए गौरव की बात है। 41 साल के बाद भारत पहली बार इस खेल में स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहा है। सुदिप्ति ने इसके लिए पेरिस में तैयारी की है।

## जकार्ता एशियन गेम्स में जीते थे पांच पदक

जकार्ता एशियन गेम्स 2018 में मप्र के खिलाड़ियों ने पांच पदक जीतकर धूम मचाई थी, इसमें दो रजत व तीन कांस्य सहित कुल पाँच पदक जीते थे। यह सभी मध्यप्रदेश राज्य अकादमी के खिलाड़ियों ने जीते थे। इसमें व्यक्तिगत इवेंट में मुस्कान किरार ने तीरंदाजी में रजत तथा हर्षिता तोमर ने सेलिंग में कांस्य पदक जीता था। वहीं टीम इवेंट में हॉकी भारतीय पुरूष और महिला टीम ने कांस्य पदक जीते थे। मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी के पुरूष टीम में विवेक सागर, महिला टीम में मोनिका मलिक और रीना खोखर शामिल थे।